**अमृत वाणी**

यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है, लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या

वर्ष: 37 अंक 59

मंगलवार 09 जून, 2026

तापमान अधिकतम 34°C | न्यूनतम 26°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित www.tarunmitra.in

# विशाखापट्टनम स्टील प्लांट में हादसा, 9 मजदूरों की मौत

## 1600°c में गर्म लोहा क्रेन से ले जा रहे थे, पिघलकर उन पर ही गिरा

**विशाखापट्टनम, 08 जून।** आंध्र प्रदेश के राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल),जिसे विशाखापत्तनम स्टील प्लांट के नाम से भी जाना जाता है, में भारी मात्रा में पिघला हुआ स्टील गिरने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है और कई अन्य घायल हो गए हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक स्थानीय ट्रेड यूनियन नेता ने एचटी को बताया कि यह घटना शाम करीब 4:30 बजे स्टील मेल्टिंग शॉप (एसएमएस) सेक्शन के अंतर्गत प्लांट के कंटीन्यूअस कास्टिंग डिपार्टमेंट (सीसीडी) में हुई और नौ लोगों के मारे जाने की आशंका है। नाम न छापने की शर्त पर एक ट्रेड यूनियन नेता ने बताया, पिघला हुआ स्टील ले जा रही एक करछुल अचानक



खराब हो गई, जिससे बड़ी मात्रा में पिघला हुआ स्टील छलक गया। भीषण गर्मी और उसके परिणामस्वरूप लगी आग ने आसपास के श्रमिकों को घेर लिया, जिससे कई लोग हताहत हुए।

एक अन्य जानकारी के अनुसार, यह घटना एनटीसी-3 हीट एफ से संबंधित कार्यों के दौरान हुई। एक अन्य ट्रेड यूनियन नेता ने बताया, पिघला हुआ स्टील उठाते समय बड़ी मात्रा में रिसाव हो गया, जिससे भीषण आग लग गई। घटना के तुरंत बाद आपातकालीन प्रतिक्रिया दल और अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव एवं अग्निशमन अभियान शुरू किया। घायल श्रमिकों को इलाज के लिए पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। ट्रेड यूनियन नेताओं ने नौ शव बरामद करने का दावा किया है, लेकिन आरआईएनएल प्रबंधन ने अभी तक मृतकों की संख्या की पुष्टि करते हुए कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

अधिकारियों द्वारा दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाने और यह निर्धारित करने के लिए विस्तृत जांच किए जाने की उम्मीद है कि क्या सुरक्षा में किसी चूक ने इस त्रासदी में योगदान दिया। इस घटना से कर्मचारियों और उनके परिवारों में चिंता का माहौल है, और इस्पात संयंत्र में कार्यस्थल सुरक्षा उपायों को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। बचाव और आकलन अभियान जारी रहने के कारण आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, उन्होंने इस्पात संयंत्र के अधिकारियों से बात की और घटना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला अधिकारियों को घटनास्थल पर तुरंत पहुंचने और बचाव अभियान शुरू करने के निर्देश दिए।

## टीएमसी नेता जहांगीर खान नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

**कोलकाता, 08 जून।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने सोमवार को झस्ष्ट नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी नेपाल बॉर्डर के पास से हुई। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता पुलिस स्टेशन में खान के खिलाफ 7 FIR की गई थीं। वह नेपाल भागने की फिराक में था। अभी बंगाल पुलिस की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस जहांगीर को कोलकाता ला रही है।सूत्रों के मुताबिक जहांगीर को अवैध वसूली करने के आरोप में पकड़ा गया है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पहले यह दावा किया गया था कि जहांगीर के समर्थकों ने महिलाओं को गैंगरेप की धमकी दी थी। इसके कारण उनकी गिरफ्तारी हुई है।जहांगीर ने 2026 का विधानसभा चुनाव फालता सीट से लड़ा था। चुनाव के दौरान हुई गड़बड़ियों के कारण यहां 21 मई को दोबारा वोटिंग हुई थी। दोबारा चुनाव से 48 घंटे पहले ही जहांगीर ने मैदान छोड़ दिया था और कहा था कि वे चुनाव से अपना नाम वापस ले रहे हैं।

# भारत की टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत

## अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हराया, मानव सुथार को 7 विकेट

**न्यू चंडीगढ़, 08 जून।** भारत ने न्यू चंडीगढ़ में खेले गए टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हरा दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत की पिछली सबसे बड़ी जीत पारी और 272 रन के अंतर से थी। जो 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ राजकोट में मिली थी।

मैच के तीसरे दिन अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में 112 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 564/8 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। इसके जवाब में अफगानिस्तान की पहली पारी 152 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन खेलना पड़ा।

अफगानिस्तान की दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने 4 और कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए। डेब्यू मैच खेल रहे मानव सुथार और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया। सुथार



ने अफगानिस्तान की पहली पारी में 6 विकेट लिए थे। इस तरह उन्होंने मैच में 7 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच का स्कोरबोर्ड

भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट में 599 मैचों में 186वीं जीत हासिल की है। भारत ने सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने के मामले में वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ दिया है। वेस्टइंडीज के नाम 592 मैचों में 185 जीत है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका भारत से आगे हैं।

भारत की पारी और 300 रन की जीत एशियाई टीमों में दूसरी सबसे बड़ी जीत बन गई। इससे बड़ी जीत केवल पाकिस्तान ने 2002 में लाहौर टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पारी और 324 रन से दर्ज की थी।

## फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप, 32 की मौत

**मनीला, 08 जून।** फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इमारतों में ज्यादातर दुकानें, दफ्तर और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 32 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (USGS) के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में था। यह सारंगानी प्रांत के मासीम कस्बे से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और 33 किलोमीटर की गहराई पर आया। अधिकारियों का कहना है कि यह इस साल फिलीपींस में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है।भूकंप के बाद सुनामी भी आई। सबसे ऊंची लहर की ऊंचाई 1.4 मीटर (करीब 4.6 फीट) रही। एहतियात के तौर पर इंडोनेशिया और मलेशिया ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे कुछ घंटों बाद वापस ले लिया गया।फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान (फिवोल्क्स) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे तक 138 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए। इन झटकों की तीव्रता 1.3 से 6.7 के बीच रही।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को बचाने वाले 'रहवीरों' को मिलेगा 25,000 का इनाम : गडकरी

**सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से दो नई सड़क सुरक्षा योजनाओं की घोषणा की**

**दिल्ली, 08 जून।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भारत में सड़क दुर्घनाओं से होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से दो नई सड़क सुरक्षा योजनाओं की घोषणा की है। इनमें रहवीर पहल के तहत दुर्घटना पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिकों को 25,000 रुपये का पुरस्कार मिलेगा, साथ ही सरकार 1.5 लाख रुपये तक का आपातकालीन उपचार भी वहन करेगी, जिससे प्रतिवर्ष 50,000 जानें बचाई जा सकेंगी।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 8 जून को भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से दो नई पहलों की घोषणा की, जिनमें आपातकालीन स्थिति में सबसे पहले पहुंचने वाले नागरिकों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन भी शामिल है। इन उपायों के बारे में बताते हुए गडकरी ने कहा कि हमने दो योजनाएं शुरू की हैं। एम्स के एक डॉक्टर की अध्यक्षता वाली एक समिति ने रिपोर्ट दी है कि हमारे देश में प्रतिवर्ष 180,000 मौतें और 500,000 दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटना पीड़ितों में से 30% को अगर तुरंत अस्पताल ले जाया



जाए तो बचाया जा सकता है, यानी 50,000 जानें।

त्वरित जन सहायता को प्रोत्साहित करने के लिए, मंत्रालय ने रहवीर पहल शुरू की। गडकरी ने बताया कि यदि लोग इन 50,000 लोगों को अस्पताल पहुंचाने में मदद करते हैं, तो उनकी जान बचाई जा सकती है; हम ऐसे जीवनरक्षकों को 'रहवीर' कहते हैं, और बचावकर्ता को 25,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सरकार आपातकालीन चिकित्सा देखभाल में आने वाली वित्तीय बाधाओं को दूर करेगी। मंत्री ने आगे कहा कि इसके बाद, सड़क के प्रकार की परवाह किए बिना चाहे वह राष्ट्रीय, जिला या नगरपालिका हो और जिस भी अस्पताल में पीड़ित को भर्ती कराया जाता है, हम सात दिनों तक के उपचार खर्च को तुरंत वहन करेंगे, अस्पताल के बिल का भुगतान अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक करेंगे।

स्थिति की गंभीरता पर जोर देते हुए गडकरी ने कहा, मेरा मानना है कि ये योजनाएं एक महत्वपूर्ण मुद्दे का समाधान करती हैं, क्योंकि हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या विश्व स्तर पर सबसे अधिक है। यदि सभी सहयोग करें, तो हम अनगिनत जानें बचा सकते हैं। उन्होंने निजी क्षेत्र की भागीदारी का भी उल्लेख करते हुए कहा कि आज रैपिडो ने पहल की है और अपना समर्थन देने का वादा किया है। अलग से, रेल मंत्रालय ने 6 जून को लुधियाना में नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्पेशल ट्रेन के एक स्लीपर कोच में दरार पाए जाने के बाद देशव्यापी सुरक्षा अभियान शुरू किया और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) के सभी कोचों के व्यापक निरीक्षण के आदेश दिए।

रेल मंत्रालय ने सभी ज़ोन को निर्देश दिया है कि वे जंग, क्षरण और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संरचनात्मक कमज़ोरियों पर विशेष ध्यान देते हुए विस्तृत जांच करें। यह जांच एक सप्ताह के भीतर पूरी होने की उम्मीद है। अत्यधिक जंग या संरचनात्मक खराबी वाले डिब्बों को यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेवा से हटा दिया जाएगा। रेलवे बोर्ड मुख्यालय, कार्यशालाओं और डिवीज़न के वरिष्ठ अधिकारी निगरानी निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा, ज़ोनल रेलवे ने इस विषय पर एक जानकारीपूर्ण वीडियो भी प्रसारित किया है।

# ममता बनर्जी के 28 में से 20 लोकसभा सांसद टूटे

## एनडीए का समर्थन करेंगे, स्पीकर को जानकारी दी, एक राज्यसभा सांसद का भी इस्तीफा

**कोलकाता, 08 जून।** विधायकों के बाद अब तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने भी ममता का साथ छोड़ दिया है। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा के 28 सांसदों में से 20 ने एनडीए सरकार को समर्थन देने का फैसला किया है।

सांसद और TMC की पूर्व नेता काकोली घोष दस्तीदार ने भी सोमवार को यही दावा किया। उन्होंने बताया कि 20 सांसदों ने NDA को समर्थन देने की जानकारी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को दे दी है। जल्द ही स्पीकर को पत्र भी भेज दिया जाएगा।

इनमें से 11 सांसदों ने सोमवार दोपहर केंद्रीय मंत्री और BJP के बंगाल प्रभारी भूपेंद्र यादव के घर पर मीटिंग की। इस दौरान बंगाल CM शुभेंदु अधिकारी भी इनसे मिलने पहुंचे।

इस बैठक में लोकसभा सांसद काकोली घोष, शताब्दी रॉय, अबू ताहिर, अरूप चक्रवर्ती, खलीलुर रहमान, शर्मिला सरकार, असित मल, कालीपद सोरेन, जगदीश बसुनिया और प्रसून बनर्जी मौजूद रहे।

लोकसभा में TMC के अभी 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं। इससे पहले 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। इस गुट ने ऋतब्रत को अपना नेता बनाया है।

सूत्रों के मुताबिक, टीएमसी के 20 सांसदों की रविवार देर रात दिल्ली के एक अज्ञात स्थान पर अनौपचारिक बैठक भी हुई। इसमें सांसदों ने मौजूदा नेतृत्व व्यवस्था को लेकर असंतोष जताया।सोमवार को इस बैठक की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई। कई झस्ष्ट सांसद एक मेज के आसपास बैठे दिखाई दे रहे हैं। उस समय एक सांसद के फोटो खींचने पर विवाद भी हुआ। TMC के पास कुल 28 लोकसभा सांसद हैं। अगर 20 सांसदों का बागी गुट खुद को अलग




दल या लोकसभा में असली टीएमसी पार्टी बताता है, तो इन पर दल-बदल कानून नहीं लगेगा, क्योंकि बागी गुट के पास दो-तिहाई सांसदों का समर्थन है।

लोकसभा में कुल 543 सांसदों में से एनडीए के अभी 293 सांसद हैं। 20 सांसदों के समर्थन के बाद यह संख्या बढ़कर 313 हो जाएगी।

कोई भी बिल पास कराने में आसानी होगी। सरकार परिसीमन और उससे जुड़े महिला आरक्षण बिल को पास करा सकती है। 18 अप्रैल को जब परिसीमन बिल पर वोटिंग हुई थी, तो बिल के पक्ष में 298 वोट पड़े थे। बिल पास कराने के लिए 352 वोट चाहिए थे। यानी बिल 52 वोट से गिर गया था। अगर टीएमसी के 20 सांसद एनडीए में शामिल हो जाएंगे,तो दो-तिहाई बहुमत के लिए 32 और सांसदों की जरूरत पड़ेगी।

TMC के वरिष्ठ नेता सुखेंदु शेखर ने आज सुबह ही राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया और पार्टी भी छोड़ दी। त्यागपत्र में उन्होंने ममता के 15 साल के अराजक शासन को पार्टी की हार का नतीजा बताया और भाजपा की तारीफ की थी। राज्यसभा के चेयरमैन सीपी राधाकृष्णन ने सुखेंदु शेखर का इस्तीफा मंजूर कर लिया है।

सुखेंदु ने इस्तीफे के बाद मीडिया से कहा था कि पार्टी के कई लोग ममता मनमाने ढंग से पार्टी चला रही थीं, इसी वजह से उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 2029 तक था। अब सीट खाली हो चुकी है, अब इस पर उपचुनाव कराया जा सकता है।

सुखेंदु शेखर के इस्तीफे पर बंगाल में झस्ष्ट के बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि यह सिर्फ सुखेंदु की निजी बात नहीं है। मैंने सुखेंदु से सीधे बात नहीं की है, लेकिन टीवी पर उनके बयान देखे और सुने हैं। मैं उनकी बातों से सहमत हूं। राज्यसभा के कामकाज को लेकर सुखेंदु की बात काफी हद तक सही है। संसद कोई क्विज खेलने की जगह नहीं है।

उधर, टीएमसी ने बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष (LoP) बनाए जाने के विधानसभा स्पीकर के फैसले को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी है। कोर्ट ने तारीख तय नहीं की है।

काकोली घोष ने दावा किया कि वह अभी भी लोकसभा में पार्टी की मुख्य सचेतक (चीफ व्हिप) हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला साथी सांसदों के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। उन्होंने कहा कि सांसदों ने NDA के साथ जाने का फैसला किया है। उनका मानना है कि यही जनता के जनादेश के अनुरूप है।

काकोली ने 27 मई को टीएमसी छोड़ दी है, लेकिन सांसद पद से इस्तीफा नहीं दिया था। प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी को भेजे लेटर में काकोली ने लिखा था कि मानसिक संघर्ष और लंबे चिंतन के बाद यह फैसला लिया है।

तृणमूल कांग्रेस (TMC) में 28 साल के इतिहास में पहली बार औपचारिक तौर पर टूट सामने आई है। बुधवार को 58 बागी विधायकों ने पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुना। विधानसभा स्पीकर रथींद्र बोस को समर्थन पत्र दिया। इसमें मांग की गई कि ऋतब्रत को नेता विपक्ष घोषित किया जाए। स्पीकर ने मंजूरी दे दी।

# राममंदिर ट्रस्ट का अखिलेश यादव को जवाब, कहा दान का हिसाब-किताब पूरी तरह पारदर्शी

**अयोध्या/लखनऊ, 08 जून।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए उन आरोपों का खंडन किया है जिनमें मंदिर के दान में करोड़ों रुपये गायब होने की बात कही गई थी। ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेन्द्र दास महाराज ने कहा कि सभी लेन-देन विधिवत दर्ज किए जाते हैं और पूरी पारदर्शिता के साथ संसाधित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के सभी निर्णय सामूहिक रूप से लिए जाते हैं और लिखित रूप में दर्ज किए जाते हैं। सभी



लेन-देन का हिसाब-किताब सावधानीपूर्वक रखा जाता है, और सब कुछ सही और पारदर्शी तरीके से चल रहा है।

दिनेन्द्र दास महाराज ने कहा कि आपसी सद्भाव और प्रेम है। राम जी सब कुछ देख रहे हैं। लोग चाहे जो कहें, लेकिन राम लल्ला से संबंधित कार्य पूरी तरह से सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने आगे कहा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रस्ट कभी ऐसी गलती नहीं करेगा। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि ट्रस्ट नियमित रूप से आंतरिक लेखापरीक्षा कराता है और अब तक कोई उल्लेखनीय अनियमितता नहीं पाई गई है।

राय ने एक बयान में कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट समय-समय पर आंतरिक लेखापरीक्षा कराता है, जो ट्रस्ट और भारतीय स्टेट बैंक द्वारा की जाती है। लेखापरीक्षा प्रक्रिया कई दिनों तक चलती है। वर्तमान में भी यही प्रक्रिया जारी है। अब तक कोई उल्लेखनीय बात सामने नहीं आई है। अपने पोस्ट में यादव ने केंद्र सरकार की संदिग्ध चुप्पी पर भी प्रकाश डाला और सर्वोच्च न्यायालय से इस मामले का स्वत: संज्ञान लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय से स्वत: संज्ञान लेने की मांग है, क्योंकि यह मामला वैश्विक स्तर पर संपूर्ण सनातन समुदाय की भगवान राम में गहरी आस्था से सीधा जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है।

# कॉकरोच की तरह जमीन पर रेंगता हुआ कोर्ट पहुंचा फायरमैन

**बोला-मैं न्याय के लिए भटक रहा, योगी जी मुझे न्याय दिलाएं**

**आगरा, 08 जून।** आगरा में सोमवार को दीवानी परिसर में एक युवक जमीन पर रेंगता हुआ पहुंचा। कॉकरोच की वेशभूषा में पहुंचा युवक न्याय की गुहार लगा रहा था।

उसका कहना था कि शिक्षा माफिया के खिलाफ आवाज उठाने पर उसके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया गया। वो दो साल से न्याय के लिए भटक रहा है। सीएम योगी से कहूंगा कि मुझे न्याय दिलाएं। सोमवार सुबह करीब 10



बजे दीवानी में तारीख करने के लिए निलंबित फायरमैन जितेंद्र राठौर कॉकरोच के वेश में पहुंचे। उन्होंने बताया- 2024 में न्यू आगरा पुलिस ने उन पर एक छात्रा से गलत हरकत के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के समय वह अन्य जिले में ड्यूटी पर थे। आईजीआरएस पर पुलिस ने उन्हें अपराधी नहीं मानने की रिपोर्ट दी है।इसके बाद भी दो साल से आरोप में भटक रहे हैं। युवती के परिवार के व्यक्ति के खिलाफ आवाज उठाने पर उनके साथ साजिश रची गई। वो न्याय के लिए दर दर की ठोकर खा रहे हैं। ऐसे में अब कॉकरोच बनकर वो अपने लिए न्याय मांगने आए हैं। हालांकि दीवानी की सुरक्षा में तैनात एसएसएफ के जवानों ने उन्हें गेट पर ही रोक लिया।उनका आरोप है कि झूठे मुकदमे के चलते उन्हें 15 फरवरी 2026 को निलंबित कर दिया गया। रोजगार के अवसर भी प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि मुख्य नेट (गणित) क्वालिफाई करने के बावजूद उन्हें नुकसान उठाना पड़ा है। दीवानी परिसर में कॉकरोच बनकर प्रदर्शन करते हुए जितेंद्र राठौर ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

घर के बाहर घर जैसा आराम

**होटल वैशाली**



मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद (बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087



**कंचन चौरसिया**
महिला जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

**रमेश कुमार चौरसिया**
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें। काकू भाई मो. 9235152444

**निदान चिकित्सा केन्द्र**

कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

**डा. गुंजन यादव**
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

**डा. रोहित यादव**
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

**डा. राधेश्याम यादव**
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )

प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# गरीब अस्पताल को पुनः चालू कराने की मांग तेज



बाराबंकी। नगर पालिका परिषद नवाबगंज के वार्ड बीरपटावन स्थित वर्षों से बंद पड़े गरीब अस्पताल को पुनः संचालित कराने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष फैसल मलिक के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी बाराबंकी को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा उसे तत्काल पुनः शुरू किए जाने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि गरीबों, मजदूरों, किसानों, रिक्शा चालकों, महिलाओं एवं जरूरतमंद लोगों के उपचार के लिए स्थापित किया गया यह अस्पताल कई वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। अस्पताल के बंद रहने से क्षेत्र के हजारों परिवार स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं और उन्हें उपचार के लिए दूर-दराज के सरकारी अस्पतालों अथवा महंगे निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है।

जिलाध्यक्ष फैसल मलिक ने कहा कि गरीब अस्पताल का मुद्दा केवल एक भवन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हजारों गरीब परिवारों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा हुआ विषय है। उन्होंने कहा कि जनता जानना चाहती है कि आखिर अस्पताल को बंद करने का आदेश किसके द्वारा दिया गया और इतने वर्षों बाद भी इसे पुनः संचालित करने के लिए कोई प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाया गया। ज्ञापन के माध्यम से अस्पताल की भूमि, भवन, उपकरणों एवं अभिलेखों की जांच कराने, अस्पताल को पुनः चालू करने की समयबद्ध कार्ययोजना घोषित करने तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की नियुक्ति सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई। फैसल मलिक ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि गरीबों के इलाज के लिए निर्मित अस्पताल को शीघ्र शुरू किया जाए, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो जनता के सहयोग से लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मध्यांचल प्रवक्ता बल्लाम यादव, मध्यांचल महासचिव युवा अनुराग सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष देवा मोहम्मद अरशद, जिला सचिव कलीम उर्फ मुनिया, बांकी नगर अध्यक्ष मोहम्मद वसी, मोहम्मद नदीम रियान उर्फ छोटे, जफर अंसारी, मंडल अध्यक्ष युवा समीर यादव, विक्कू सिंह, तुलसी रावत, नसीम खान, नदीम कुरैशी, सनी एडवोकेट वर्मा, तुषार रावत, बाबी, रिंकू वर्मा, सुधीर यादव सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्षेत्रीय जनता का कहना है कि यदि गरीब अस्पताल पुनः संचालित हो जाता है तो हजारों जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाएं उनके घर के नजदीक उपलब्ध हो सकेंगी। गरीब अस्पताल पर लगा ताला हटे, गरीबों को मिले इलाज का हक, स्वास्थ्य सेवा हर नागरिक का अधिकार है, सुविधा नहीं बल्कि आवश्यकता है।

# सीएमओ की अध्यक्षता में लैब टेक्नीशियनों को दिया गया प्रशिक्षण



बहराइच। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जनपद में 9 से 17 जून तक नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) संचालित किया जाएगा। इसकी तैयारियों के तहत अचल प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय लैब टेक्नीशियनों (एलटी) का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नमूना संग्रहण, स्लाइड निर्माण, जांच प्रक्रिया तथा रिपोर्टिंग संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे के तहत जनपद के तीन विकास खंडों के नौ चयनित गांवों में रक्त नमूने लिए जाएंगे। प्रत्येक ब्लॉक में दो रैंडम और एक सेंटीनल गांव का चयन किया गया है। नवाबगंज ब्लॉक के जमोघ, जमुनहा और गंगापुर, कैसरगंज ब्लॉक के कड़सर बिटौर, देवलखा और कुदौनी तथा तेजवापुर ब्लॉक के मैगला, भिरवा और चंदनापुर गांव सर्वे में शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि सर्वे के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर लोगों की उंगली से रक्त की बूंद लेकर माइक्रोफाइलेरिया की जांच के लिए स्लाइड तैयार करेंगी।

प्रशिक्षण के दौरान नोडल संचारी रोग डॉ. अनुराग वर्मा ने बताया कि फाइलेरिया रोग फैलाने वाले सूक्ष्म परजीवी (माइक्रोफाइलेरिया) दिन के समय शरीर की गहरी रक्त वाहिकाओं में रहते हैं और रात में सतही रक्त प्रवाह में सक्रिय हो जाते हैं। इसी कारण रक्त नमूने रात्रि 10 बजे से तड़के 2 बजे के बीच लिए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे से किसी क्षेत्र में संक्रमण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाता है। सर्वे के परिणामों के आधार पर यह तय किया जाता है कि आगामी चरण में किन क्षेत्रों में फाइलेरिया रोधी दवा वितरण और अन्य नियंत्रण गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी।सेंटीनल गांव वे गांव होते हैं जहां पहले फाइलेरिया संक्रमण पाया गया हो या जहां नियमित रूप से रोग की निगरानी की जाती है। इनके आंकड़े संक्रमण की प्रवृत्ति समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इंचार्ज जिला मलेरिया अधिकारी रामचेत यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को सर्वे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, स्लाइड निर्माण, अभिलेखों का रखरखाव और समयबद्ध रिपोर्टिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सर्वे की सफलता के लिए जनसहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है और लोगों को बिना किसी संकोच के जांच करानी चाहिए।

इस अवसर पर फाइलेरिया इंस्पेक्टर विमल कुमार एवं रत्नेश कुमार, मलेरिया इंस्पेक्टर सतीश कुमार, बिंदिया रानी, अनिल गुप्ता, मुन्ना कुमार तथा तीनों विकास खंडों के लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहे।

# विकास मंच के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री से मिलकर जताया आभार



बहराइच। पंचायत विकास मंच के संयोजक सूरज शुक्ला , सह-संयोजक डॉ0 श्याम चौधरी, राम छबीले निषाद, राम कोमल निषाद, अफान खान, राज कुमार राव, मंगलदास ने कल उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भेंट कर पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल में वृद्धि किए जाने के निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल विस्तार से ग्रामीण विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी तथा अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने में सहायता मिलेगी।इस अवसर पर पंचायत विकास मंच की ओर से उप मुख्यमंत्री को एक पत्र भी सौंपा गया, जिसमें मनरेगा के अंतर्गत मटेरियल मद के लंबित बकाया भुगतान तथा ऑनलाइन श्रमिक उपस्थिति (NMMS) प्रणाली में आ रही व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

पंचायत विकास मंच के संयोजक सूरज शुक्ला एवं सह-संयोजक डॉ0 श्याम चौधरी ने अवगत कराया कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत कराए गए विकास कार्यों का मटेरियल भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिससे सामग्री आपूर्तिकर्ताओं एवं ग्राम पंचायतों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मंच ने मांग की कि VB-GRAMG प्रणाली पूर्ण रूप से लागू होने से पूर्व सभी लंबित भुगतानों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए।

इसके साथ ही मंच ने NMMS आधारित ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली में नेटवर्क की समस्या, इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी, तकनीकी त्रुटियों तथा दूरस्थ कार्यस्थलों पर उपस्थिति दर्ज करने में आने वाली कठिनाइयों का मुद्दा भी उठाया। प्रतिनिधियों ने कहा कि इन समस्याओं के कारण श्रमिकों की उपस्थिति प्रभावित होती है और मजदूरी भुगतान में अनावश्यक विलंब होता है।पंचायत विकास मंच ने मांग की कि तकनीकी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ नेटवर्क बाधित क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी लागू की जाए, ताकि श्रमिकों और ग्राम पंचायतों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।उप मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में ग्रामीण विकास, श्रमिक हितों एवं पंचायतों की कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

पंचायत विकास मंच ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश सरकार पंचायतों एवं श्रमिकों से जुड़े इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेकर ग्रामीण विकास को और अधिक गति प्रदान करेगी।

# शाहिद मर्द बाबा मज़ार पर उर्स मुबारक के अवसर पर भव्य मेले का शुभारंभ



बाराबंकी। क्षेत्र की प्रसिद्ध शाहिद मर्द रहमतुल्लाह अलैहि, बाबा मज़ार पर आयोजित उर्स मुबारक एवं भव्य मेले का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। बारादरी क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महज़ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। उर्स मुबारक के अवसर पर मज़ार परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था, जहां दूर-दूर से आए अकीदतमंदों ने हाज़िरी लगाकर अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने शाहिद मर्द बाबा की शिक्षाओं और आपसी भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर वसीम राईन ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि उर्स केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम भी है, जहां हर वर्ग और समुदाय के लोग एक साथ मिलकर सहभागिता निभाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सभासद बाबू राईन ने मेले के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष मुनीर राईन ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले को बेहतर तरीके से आयोजित करने का प्रयास किया गया है। मेले में बच्चों एवं परिवारों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, खानपान की दुकानें तथा अन्य आकर्षण मौजूद रहे, जिससे लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। शाम होते-होते मेले में लोगों की भीड़ और बढ़ गई तथा पूरे क्षेत्र में रौनक दिखाई दी। उर्स मुबारक के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मज़ार पर चादरपोशी कर देश एवं समाज की तरक्की और अमन-चैन की दुआ की। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आयोजन वर्षों से सामाजिक सद्भाव और आपसी प्रेम का प्रतीक बना हुआ है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन सफलतापूर्वक जारी रखने की बात कही। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं महमूद राईन, इम्तियाज़ राईन, हाजी मुन्ना राईन, निसार राईन, जावेद राईन, शफ़ीक़ राईन, शाहरुख राईन, रियाज राईन, नदीम राईन, मुन्ना राठौर, मो.शफ़ीक़, नौशाद पहलवान, आलम राईन, शादाब कुरैशी, अब्दुल्ला राईन, मोमिन राईन, रिजवान राईन, असफ़ाक़ राईन, इमरान राईन, जुनैद राईन, हारून राईन, सुहैल राईन, तय्यब राईन, मोहम्मद दानिश, सद्दाम राईन, पप्पू राईन, मोहम्मद आमिर, आदि, गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बकरी चोर गिरोह का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार



गोंडा। गोंडा के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से 9 चोरी की बकरियां, एक स्कॉर्पियो गाड़ी और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आरिफ, नरेंद्र कुमार मिश्रा और मोहम्मद इमरान के रूप में हुई है। ये आरोपी स्कॉर्पियो और पल्सर गाड़ी का इस्तेमाल कर लगातार बकरी चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। इनकी कार्यप्रणाली के अनुसार, पहले वे पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाते थे।

वहां वे अच्छी बकरियों की पहचान करते और उनके दाम तय करते थे, लेकिन उन्हें तुरंत नहीं खरीदते थे। उसी रात, वे अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से वापस आते और उन बकरियों को चोरी कर फरार हो जाते थे। बकरी चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं को देखते हुए, गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने करनैलगंज कोतवाली पुलिस को सख्त कार्रवाई करने और घटनाओं का खुलासा करने का निर्देश दिया था।

गिरफ्तार आरोपी आरिफ ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथियों सलमान, रिजवान, नरेंद्र कुमार मिश्रा और मोहम्मद इरफान उर्फ भूरे के साथ मिलकर गोंडा, बहराइच और आसपास के जिलों में बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। गिरोह के सदस्य पहले ऐसे घरों की रेकी करते थे जहां बकरियां रखी जाती हैं, और फिर उसी रात उनकी चोरी करते थे। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने ग्राम खरथरी डैनियागंज, थाना कोतवाली नगर से पांच बकरी और चार बकरे चोरी किए थे। इन चोरी की गई बकरियों को स्कॉर्पियो से बहराइच ले जाकर बेचने की योजना थी, लेकिन इससे पहले ही उन्हें पकड़ लिया गया। आरोपियों ने यह भी खुलासा किया कि दो महीने पहले भी उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर 10 बकरियां चोरी की थीं। इन बकरियों को फतेहपुर बाराबंकी मंडी में 50,000 रुपये में बेचा गया था। आरोपियों ने बताया कि वे बकरी चोरी करके उन्हें बाजारों में बेचकर अपना खर्च चलाते हैं, क्योंकि उनका कोई अन्य व्यापार नहीं है।


संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.-55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।


# पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में अनुपस्थित रहे 1043 परीक्षार्थी

बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून 2026 तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा-2025 के प्रथम दिन जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3181 रही जबकि 1043 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3261 रही जबकि 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो प्रथम पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 175, आज़ाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 291, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 179, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 554, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 285, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 368, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 176, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3190 रही जबकि 1034 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो द्वितीय पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 188, आज़ाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 288, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 297, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 314, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 294, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 178, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 545, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 309, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 369, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 188, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 291 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3261 रही जबकि 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा (द्वितीय पाली) के दौरान परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा दिनांक 08, 09 एवं 10 जून 2026 को आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती लिखित परीक्षा के सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन संचालन के दृष्टिगत द्वितीय पाली में जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।अधिकारियों द्वारा किसान पी.जी. कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गेंदघर तथा आज़ाद इंटर कॉलेज, चाँदपुरा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, चेकिंग व्यवस्था, परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का जायजा लेनेबके साथ

साथ केन्द्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने तथा सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया तथा तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि, साल्वर गैंग अथवा नकल माफियाओं पर सतत निगरानी रखी जाए।यह भी बताया गया कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात है तथा पीआरवी-112 लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है।

# सदर तहसील में बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत



गोंडा। गोंडा जिले की सदर तहसील में आज सोमवार दोपहर अभिलेखों का मुआयना करने गए एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। मृतक की पहचान सीताराम पुरम कॉलोनी निवासी अनिल श्रीवास्तव पुत्र छोटेलाल श्रीवास्तव के रूप में हुई है। अनिल श्रीवास्तव सदर तहसील के प्रथम तल पर स्थित कमरा नंबर 16 अभिलेखागार में अभिलेखों का मुआयना कर रहे थे, तभी उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। राजस्व कर्मियों ने तत्काल एसडीएम सदर और अन्य अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलने पर नगर कोतवाल और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने अनिल श्रीवास्तव को अचेत अवस्था में पाया। नगर कोतवाली के पुलिस कर्मियों ने सीपीआर देकर उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन सीपीआर देने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद उन्हें तत्काल गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और बताया कि उनकी मौत पहले ही हो चुकी थी। डॉक्टरों द्वारा अभी मौत का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है।

गोंडा सदर एसडीएम जितेंद्र कुमार गौतम ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि अनिल श्रीवास्तव अभिलेखों का मुआयना करने आए थे और तबीयत खराब होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। नगर कोतवाली पुलिस ने मृतक अनिल श्रीवास्तव के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी। परिजनों के सामने ही पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गोंडा सदर तहसील प्रशासन और नगर कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# 11 जून को तीन स्थानों पर होगा बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास

बहराइच। जनपद में संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने तथा राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के लिए 11 जून 2026 को प्रातः 09:00 बजे से तीन स्थानों पर व्यापक मॉक ड्रिल (पूर्वाभ्यास) आयोजित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्थाओं का परीक्षण करना है। मॉक ड्रिल के लिए तहसील महसी के ग्राम बौण्डी स्थित रामघाट सिलौटा, तहसील कैसरगंज के ग्राम तप्पेसिपाह (घाघराघाट) तथा तहसील नानपारा के ग्राम बौण्डी को चयनित किया गया है। इन स्थलों पर उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। पूर्वाभ्यास के दौरान विभिन्न आपदा परिदृश्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें बाढ़ का पानी तेजी से आबादी क्षेत्र में प्रवेश करने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों एवं बाढ़ शरणालयों तक पहुंचाने, चेतावनी संदेशों का प्रसारण कराने, राहत शिविर स्थापित करने तथा प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही शामिल होगी। ग्राम तप्पेसिपाह में नाव पलटने की काल्पनिक स्थिति बनाकर रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा, जिसमें फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया जाएगा।

वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बौण्डी में मेडिकल कैम्प स्थापित कर प्रभावित व्यक्तियों के उपचार की व्यवस्था का परीक्षण किया जाएगा। साथ ही पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने और राहत सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का भी पूर्वाभ्यास किया जाएगा। ग्राम बौण्डी, तहसील नानपारा में नदी के टापू पर फंसे किसानों को सुरक्षित निकालने, उन्हें बाढ़ शरणालय तक पहुंचाने, राहत सामग्री वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण तथा पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने जैसी गतिविधियों का अभ्यास किया जाएगा।

# राज्यमंत्री ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



बाराबंकी। प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने सोमवार को सिल्हौर गांव का दौरा किया। उन्होंने आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित लालेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया और वहां चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। राज्यमंत्री शर्मा दोपहर में अचानक सिल्हौर गांव पहुंचे। मंदिर में जलाभिषेक के बाद उन्होंने पर्यटन विभाग द्वारा संचालित विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु निर्मित की जा रही सुविधाओं और अन्य विकास कार्यों का अवलोकन किया।इस दौरान राज्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध और निर्धारित मानकों के अनुसार पूरे किए जाएं।

इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और इस धार्मिक स्थल का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। राज्यमंत्री शर्मा ने मंदिर के पुजारी और अन्य स्थानीय लोगों के साथ एक बैठक भी की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र, हरिशंकर तिवारी और जवाहर लाल तिवारी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# हीट वेब से प्रभावित नौ वार्डों में स्थापित होगा मियांवाकी पद्धति से वन क्षेत्र

**नगर निगम सदन की बैठक में हर माह एक दिन विशेष सफाई का निर्णय**

**सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़क न बनने पर पार्षदों ने जताई नाराजगी**



**अयोध्या।** हीट वेब से प्रभावित अयोध्या नगर निगम क्षेत्र के नौ वार्डों में मियावाकी पद्धति से सघन वन क्षेत्र स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा शहर के अन्य वार्डों में भी जगह उपलब्ध होने पर मियावाकी पद्धति से सघन वन क्षेत्र स्थापित होगा। इसके साथ ही प्रत्येक वार्ड में पार्षदगण जन सहयोग के माध्यम से पौधारोपण करेंगे।

यह निर्णय गांधी सभागार में आयोजित नगर निगम सदन की विशेष बैठक में लिया गया। सदन की अध्यक्षता कर रहे महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि पार्षद गण आम लोगों को एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के साथ सामन्वय स्थापित कर रामपथ पर जहां जगह उपलब्ध होगी, वहां पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने संभ्रांतजन से पौधारोपण में सहयोग लेने का आह्वान किया। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने साकेतपुरी कॉलोनी का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां लोगों ने अपने घरों के सामने पेड़ लगाकर संरक्षित किया है। इसी तरह से अन्य इलाकों में भी लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर तय किया गया कि क्षेत्र में बनने वाली सड़कों के किनारे पौधारोपण किया जाएगा। बैठक में महापौर के प्रस्ताव पर स्वच्छता जागरूकता के लिए प्रतिमाह एक रविवार को विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। पार्षद चंदन सिंह एवं हरिश्चंद्र अग्रहरि ने जलवायु के अनुसार फलदार पेड़ जामुन, महुआ, कटहल, आम, अमरूद आदि लगाने का सुझाव रखा। इस दौरान पार्षद अमित कुमार ने ट्री गार्ड उपलब्ध कराने की आवश्यकता जताई, जिसका पार्षद अनिल सिंह एवं जय नारायण सिंह रिंकू ने समर्थन किया। पार्षद धर्मेंद्र मिश्र ने पार्षद चार फीट से ऊपर के पौधे लगाने एवं जिओ टैगिंग करने की आवश्यकता जताई। बैठक में जगत नारायण यादव एवं अंकित तिवारी ने तिकोनिया पार्क का गेट न खुलने का मुद्दा उठाया। इस पर वहां के माली को नोटिस भेजने का निर्णय लिया गया। पार्षद अखिलेश पांडेय ने पुलिस लाइन स्थित कूड़ाघर को हटाने की मांग की, जिस पर महापौर एवं नगर आयुक्त ने निरीक्षण कर यथोचित कार्रवाई का वादा किया। पार्षद अनुज दास ने कहा कि जल निगम ने सड़क खोदकर छोड़ दी है, नगर निगम अपनी सड़कें नहीं बचा पा रहा है।

चर्चा में नेता सदन बृजेन्द्र सिंह, सपा पार्षद दल के नेता विशाल पाल, सुशील मिश्र बबलू, सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, सुनील यादव, मनीषा यादव, गरिमा मौर्य, सुमन आदि पार्षदों ने हिस्सा लिया। बैठक का संचालन सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडे ने किया। उन्होंने आगामी 21 जून तक चलने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा रखी और सॉलिड वेस्ड मैनेजमेंट के तहत कूड़ा संकलन की प्रक्रिया में आए बदलाव के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर उप सभापति संतोष सिंह, सांसद प्रतिनिधि हामिद जाफर मीशम, अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, सुमित कुमार, मुख्य अभियंता पुनीत ओझा मौजूद थे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि बैठक में पार्षदों की शिकायत पर जल निगम के अधिशासी अभियंता को तलब कर उन्हें जब तक पहले से खोदे गए स्थान पर सीवर लाइन डालकर सड़क की मरम्मत न कर दी जाय, तब तक नए स्थान पर खोदाई न करने की हिदायत दी गई।

# सार्वजनिक पुस्तकालय समाजिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों की संरक्षक : डॉ बिजेंद्र सिंह

**कुलपति ने इनफास्ट्रक्चर मैनेजमेंट इन पब्लिक लाइब्रेरीज का किसया उद्घाटन**



**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के श्रीराम शोध पीठ संस्थान में पांच दिवसीय कार्यशाला इनफास्ट्रकचर मैनेजमेंट इन पब्लिक लाइब्रेरीज का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने किया। कार्यशाला की विशिष्ट अतिथि कला एवं मानविकी संकयाध्यक्ष प्रो. मृदुला मिश्रा रही। अपने उद्बोधन में कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी संस्था की सूचना केन्द्र होता है। हम सभी जानते हैं कि विश्वविद्यालय में शिक्षण व शोध का कार्य किया जाता है, शोध कार्यों को सम्पन्न करने में पुस्तकालय का महत्व और भी बढ़ जाता है। सार्वजनिक पुस्तकालय किसी भी जीवन्त समाज की चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों की संरक्षक होते हैं। ये समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए भी ज्ञान का द्वार खोलते हैं। वर्तमान समय में सूचना प्रवाह की गति डिजीटलीकरण के कारण अत्यन्त तीव्र हो गयी है। विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों में पुस्तकालयों में पाठकों को अच्छी सुविधा प्रदान करने हेतु अनेक प्रकार के आधुनिक सॉफ्टवेयर यथा कोहा, सॉफ्टग्रन्थ, शोल, ई-ग्रन्थालय इत्यादि सॉफ्टवेयर का उपयोग तेजी से किया जा रहा है, इन्हीं माध्यमों से ई-रिर्सोसेज यथा ई-बुक्स, ई-जर्नल्स, ई-पेपर इत्यादि को कम समय में अधिक से अधिक पाठकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। हमारे विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में भी जैसे कि सॉफ्टग्रन्थ, किबो, ड्रिलबीट आदि सॉफ्टवेयर का उपयोग कर 23500 ई-बुक्स, 13500 राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय जर्नल्स के शोध पत्रों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित 2 लाख से अधिक टेक्स बुक्स भी उपलब्ध है। विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में मिनी लाइब्रेरी की होगी स्थापना। जिससे परिसर संचालित पाठ्यक्रम के छात्र शैक्षिक ज्ञान संवर्धन में सहायक हो सके। कुलपति ने बताया कि लाइब्रेरी में जहां समाज का हर वर्ग बिना किसी भेद-भाव के सूचना प्राप्त कर सकता है। आवष्यकता है हमारे विश्वविद्यालय में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं का प्रचार-प्रसार पब्लिक लाइब्रेरी तक पहुंचे ताकि समाज के अंतिम पायदान पर उपस्थित व्यक्ति भी इसका लाभ ले सकें। पुस्तकालय अनुषासन का केन्द्र होता है, यह ज्ञान का मंदिर एवं पवित्र स्थल है जहां ज्ञान की अधिष्ठात्री माता सरस्वती विराजमान होती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पांच दिवसीय कार्यषाला में हम अच्छे निष्कर्ष पर पहुंचेंगे और पब्लिक लाइब्रेरी को कैसे बेहतर बनाया जा सके तथा इनसे समाज के हर एक व्यक्ति को अल्प समय में सूचना उपलब्ध हो इस बात को सुनिष्चित करने में सफल होंगे। इन्हीं षब्दों के साथ आप सभी को इस पांच दिवसीय कार्यशाला के सफल अयोजन हेतु षुभकामनाएं। विशिष्ट अतिथि प्रो. मृदुला मिश्रा ने बताया कि पुस्तकालय शोधार्थियों, शिक्षकों, छात्रों के मार्गदर्षक होते हैं, जहां उन्हें सन्दर्भ पुस्तकों के साथ-साथ पर्याप्त मार्गदर्शन भी प्राप्त होता है। कार्यशाला के संयोजक प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला ने बताया कि आज के 21वीं सदी में डिजिटल ज्ञान आधारित युग में पुस्तकालयों की परिभाषा बदल चुकी है। अब पुस्तकालय कम्यूनिटी नालेज हब बन चुके है। जहां पर ई-बुक्स, हाई स्पीड इंटरनेट और क्लाउड बेस्ड लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम आज की बुनियादी जरूरतें बन चुकी है। प्रो. शुक्ल ने बताया कि आधुनिक उपकरणों और आरएफआईडी जैसी तकनीकों के पुस्तकालयों का प्रबन्ध तन्त्र चल रहा है। कार्यशाला में पीएम उषा के समन्यवक डॉ. पीके. द्विवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत देश की 26 संस्थाओं में से चयनित किया गया था, और विश्वविद्यालय को मेरू विश्वविद्यालय के तहत अनुदानित किया गया था। इसी योजना के तहत वर्कशॉप, रिसर्च एण्ड डवलपमेंट, स्किल डवलपमेंट सहित लाइब्रेरी को उच्चीकृत किया जायेगा। कार्यशाला का शुभारम्भ मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिन कुल 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के प्रो. एसएस मिश्र, प्रो सीके मिश्रा, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. फर्रूख जमाल, प्रो. गंगाराम मिश्र, प्रो. विनोद श्रीवास्तव, प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ.विनोद चौधरी, डॉ. अनिल सिंह, डॉ.अवनिश सिंह, योगेष अग्रवाल, कौशल किशोर मिश्र, रामनिवास गौड़, आशीष जायसवाल, अमित कुमार, पूजा सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विनय कुमार द्विवेदी को मिला नगर पंचायत का प्रभार

**कहा-विकास कार्यों में नहीं आएगी कोई बाधा**



**गोसाईंगंज-अयोध्या।** नगर पंचायत गोसाईगंज के ईओ पद के रिक्त होने के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा भदरसा नगर पंचायत के ईओ विनय कुमार द्विवेदी को गोसाईगंज नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सोमवार की सुबह नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी जायसवाल ने उनका स्वागत किया और उन्हें कार्यालय में औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी जायसवाल ने कहा कि नगर पंचायत के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सुविधाओं के संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। शासन की सभी योजनाओं का लाभ नगरवासियों तक पूर्ववत पहुंचता रहेगा तथा चल रही विकास परियोजनाओं को गति प्रदान की जाएगी। नवनियुक्त अतिरिक्त प्रभार ईओ विनय कुमार द्विवेदी ने कहा कि नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था, जनसुविधाओं एवं प्रशासनिक कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा,साथ ही नगर पंचायत कार्यालय में लंबित समस्त प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी, जिससे आमजन को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध हो सकें।वंही नगरवासियों ने नए प्रशासनिक प्रभार से विकास कार्यों में और अधिक तेजी आने की उम्मीद जताई है।

प्रशासनिक स्तर पर कार्य विभाजन एवं आवश्यक फेरबदल के माध्यम से नगर पंचायत की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने की तैयारी भी की जा रही है।

# मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न, आपसी सौहार्द से त्यौहार मनाने की अपील





**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** आगामी मोहर्रम के त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को थाना सम्मनपुर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सदर प्रतीक्षा सिंह एवं सीओ सिटी नितीश तिवारी ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रतीक्षा सिंह ने कहा कि मोहर्रम गम और श्रद्धा का महीना है। सभी ताजियेदारों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे मोहर्रम को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ संपन्न कराने में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। उन्होंने लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहन की सख्त अपील की।

सीओ सिटी नितीश तिवारी थानाध्यक्ष सम्मनपुर दिनेश कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि मोहर्रम के दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम रहेंगे। पर्व में खलल डालने वाले अराजक एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही जुलूस मार्गों का भौतिक निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। साथ ही मार्ग में आने वाले ढीले बिजली के तारों व अन्य समस्याओं की जानकारी लेकर उनका समय रहते निस्तारण कराया जाएगा, ताकि जुलूस के दौरान कोई दुर्घटना न हो इस दौरान

बैठक में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक दिनेश राय उपनिरीक्षक विकास गौतम, उपनिरीक्षक आशीष यादव उप निरीक्षक अनिल पांडेय दिवान आशीष श्रीवास्तव मुंशी प्रवीण सिंह पत्रकार मोहम्मद रजा हैदर गुलाम असंगर मंजूर अहमद, प्रधान मोहम्मद आलम, आफताब हुसैन, मोहम्मद सईम, शादाब हुसैन, सलमान हैदर मौलाना परवेज कमाल समेत क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक एवं ताजियेदार मौजूद रहे।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र बहादुर सिंह आलापुर थाना क्षेत्र में थाना क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने आगामी मोहर्रम जुलूस त्यौहार त्यौहार त्यौहारों को शांतिपूर्वक करवाने के लिए अपनी टीम के साथ आगामी मोहर्रम जुलूस त्यौहार को लेकर अलर्ट है कोतवाली आलापुर टीम ने रामनगर कस्बा बाजार में पुलिस टीम के साथ कस्बा रामनगर बाजार कस्बा बाजार क्षेत्र में पैदल गस्त भ्रमण कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का व्यवस्था दिलाया कि थाना आलापुर पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने संदिग्धों को रोककर पूछताछ की गई सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस टीम के साथ नवागत प्रभारी निरीक्षक आलापुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने अपनी टीम के साथ आगामी त्यौहार त्यौहारों को शांतिपूर्वक करवाने के लिए आलापुर बाजार कस्बे में पैदल गस्त भ्रमण स्थानी लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया कि आलापुर पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है वही प्रभारी निरीक्षक आलापुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने संदिग्ध मोटरसाइकिल सवारों व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की कहां रोड पर बगैर कागज हैल्मेट चले तो होगी कार्यवाही वही प्रभारी निरीक्षक आलापुर वीरेंद्र बहादुर सिंह ने जहां मौजूद स्थानीय लोगों से कहा कि यदि कोई चौराहे पर कम दिखाई पड़ता है तत्काल स्थानीय पुलिस सूचना दें यह प्रभारी निरीक्षक आलापुर वीरेंद्र बहादुर सिंह हमको दे या हल्का प्रभारी को या सिपाही को इस दौरान आदि हमराही सिपाही पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# टेलर की दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि थाना क्षेत्र के मातगढ़ तिराहा के निकट स्थित अनिल टेलर्स की दुकान में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग जाने से भारी नुकसान हो गया। आग की चपेट में आने से दुकान में रखी सिलाई मशीनें, इंटरलॉकिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा ग्राहकों के सिलाई के लिए दिए गए कपड़े जलकर राख हो गए। घटना में लगभग 4 से 5 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दुकान संचालक कन्हैयालाल पुत्र राम गरीब, निवासी कंधरपुर, ऋणमोचन घाट, अयोध्या हैं। उनकी दुकान मातगढ़ तिराहा के पास अनिल टेलर्स के नाम से संचालित होती है। बुधवार देर रात करीब 1:30 बजे दुकान में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर कन्हैयालाल मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान धू-धू कर जल रही थी। इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम तथा श्रीराम जन्मभूमि थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

पीड़ित दुकानदार कन्हैयालाल ने बताया कि आग की घटना में दो इलेक्ट्रिक मशीनें, तीन सामान्य सिलाई मशीनें, इलेक्ट्रॉनिक सामान तथा बड़ी मात्रा में ग्राहकों के कपड़े जल गए। इस हादसे से उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है।

पीड़ित ने प्रशासन से आग लगने के कारणों की जांच कराने तथा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रभावित दुकानदार को राहत दिलाने की मांग की है।

समाजसेवी श्याम जी ने शासन-प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि कन्हैयालाल अत्यंत गरीब परिवार से हैं और इस अग्निकांड में उनका भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने पीड़ित दुकानदार को शीघ्र आर्थिक सहायता एवं क्षतिपूर्ति प्रदान किए जाने की मांग की है।

## निकाय दुकानों के आवंटन हेतु पांच सदस्यीय समिति गठित

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद, टाण्डा अध्यक्ष शबाना नाज़ ने पत्र द्वारा अवगत कराया कि टाण्डा पालिका क्षेत्रान्तर्गत बने निकाय की दुकानों के पुन: आवंटन के सम्बंध में पांच सदस्यीय समिति गठित की है । जिसमें टाण्डा के वरिष्ठ सभासद घिसियावन मौर्य को अध्यक्ष बनाया गया है , मो0 तारिक़ , जुल्फिकार अहमद , आशीष यादव , व राकेश गुप्ता सदस्य है । उन्होंने 26 मई 26 के पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि समिति दुकानों के आबंटन के सम्बंध में अपनी संस्तुति एवं सुझाव पालिकाध्यक्ष के समक्ष एक पक्ष में प्रस्तुत करेगी। जिससे अगली कार्रवाई समय से की जा सके ।

# जनसंवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं, अभियान की रूपरेखा पर हुई चर्चा




**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी कार्यालय सहादतगंज में संचालित जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, तिलकराम मौर्य, महानगर मंत्री स्वाति सिंह तथा मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

पदाधिकारियों ने पार्टी कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं की विभिन्न संगठनात्मक एवं जनसमस्याओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की तथा उनके त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे 12 साल विकास, विश्वास एवं जनकल्याण अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा हुए।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि 14 से 16 जून तक जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 16 एवं 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त 17 से 20 जून तक केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। अभियान के दौरान प्राकृतिक खेती कार्यशाला, विशेष जनसंपर्क अभियान, वृक्षारोपण तथा स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अभियान के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# मृतक रामबली के परिजनों से मिले विधायक वेद प्रकाश, हरसंभव सहायता का दिया भरोसा

**मुआवजा व किसान दुर्घटना बीमा का लाभ जल्द दिलाने का अधिकारियों को दिया निर्देश**



**अयोध्या।** नाका दुर्गापुरी विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में विद्युत कार्य के दौरान हादसे में जान गंवाने वाले रामबली के परिजनों से सोमवार देर शाम विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और एक नाबालिग पुत्री कोमल को छोड़ गए हैं।

विधायक ने मौके पर विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता मनीष कुमार चौबे को बुलाकर पीड़ित परिवार को मुआवजे की राशि शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि मुआवजे की धनराशि मंगलवार तक मृतक के परिजनों के खाते में स्थानांतरित कर दी जाएगी। विधायक ने यह भी कहा कि मृतक के एक आश्रित को नियमानुसार नौकरी दिलाई जाएगी।

इसके साथ ही विधायक ने एसडीएम सदर अरविंद कुमार से वार्ता कर मृतक के परिजनों को किसान दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने आश्वस्त किया कि सर्वे कराकर जल्द ही योजना का लाभ दिलाने की कार्रवाई पूरी की जाएगी।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। एक परिवार ने अपना कमाने वाला सदस्य खो दिया है। सरकार और प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मुआवजा, नौकरी और अन्य सभी पात्र सरकारी सहायता योजनाओं का लाभ परिवार को दिलाया जाएगा। उन्होंने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता हिमांशु सिंह को निर्देशित किया कि परिवार के संपर्क में रहकर यथासंभव मदद करते रहें।

मामले में विद्युत विभाग के जेई राजेश कुमार को निलंबित किया जा चुका है और विभागीय जांच भी चल रही है। मौके पर महानगर उपाध्यक्ष हरभजन गौड़, मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अभी लू से राहत की संभावना नहीं

**अयोध्या।** आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रोद्दोगिक विश्व विद्दालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। हवा सामान्य गति से पश्चिमी चलने एवं औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिससे अभी उष्ण लू से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

श्री मिश्र के अनुसार सोमवार का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक रहा जबकि न्यूनतम तापमान 28.0 डिग्री यह भी सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 79 व न्यूनतम 47 प्रतिशत रही। 3.3 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी-पश्चिमी दिशा से हवाएं चली।

## अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान सिविल जज हवेली जू.डि. अयोध्या द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा

अ. प्र. वाद सं.- 159/2023

तारीख पेशी - 02.07.2026

कपिलदेव सिंह पुत्र श्री प्रेमनाथ सिंह निवासी ग्राम हाजीपुर बरसेंडी पोस्ट बड़ागांव परगना मंगलसी तहसील सोहावल जिला अयोध्या.......... प्रार्थी

बनाम

सरकार......................विपक्षी

प्रकाशन हर आम व खास

चूंकि प्रार्थी ने अपने मृतक दीनानाथ सिंह पुत्र स्व. शिव बहादुर सिंह को देय ऋणों एवं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की अभिप्राप्ति के लिए प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा- 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम संख्या 39 सन् 1925 ई० में आवेदन किया है।

चूंकि श्री प्रार्थी उपरोक्त ने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन किया है और वर्ष 2026 के माह 07 के दिवस 02 को आवेदन की सुनवाई के लिए तिथि निश्चित की गयी है।

अत: यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा सिविल जज सी. डि. फैजाबाद के न्यायालय में दिनांक 02.07.26 को अपरान्ह 10.30 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त तिथि के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना-पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 23.05.26 ई. को मेरे द्वारा हस्ताक्षरित तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सरफराज शेख आयु लगभग 29 वर्ष पुत्र अब्दुल रब निवासी ग्राम रैथुआ तहसील सोहावल जिला अयोध्या का मूल निवासी हूं। मुझे सरफराज शेख पुत्र अब्दुल रब के नाम से जाना व पहचाना जाता है। परन्तु लिपिकीय त्रुटिवश पासपोर्ट में सरफराज अंकित हो गया है जो गलत है। सही नाम सरफराज शेख है। हमें सरफराज शेख के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचनाकर्ता-सरफराज शेख पुत्र अब्दुल रब**

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अयोध्या

वाद सं-टीवीए सं.446/2025

ता0 पेशी0 24.06.26

मो.यूसुफ............अपीलाण्ट

बनाम

मो.शाकिर आदि .........रेसपाण्डेंट

बनाम-1.जोहरा फातमा 2.आयशा फातमा पुत्रीगण मो.जाहिद हाश्मी 3.गौसिया परवीना पत्नी मो.जाहिद हाश्मी समस्त निवासी मकान नं 925 खैराबाद तहसील व जिला सुल्तानपुर....रेस्पाण्डेंट

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 06 के 24 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 06 के 06 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

# आईआईएस को 'शान-ए-उत्तर प्रदेश' सम्मान से किया गया सम्मानित



लखनऊ। समाज सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में वंचित वर्गों के उत्थान तथा युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करने के उल्लेखनीय योगदान के लिए जय सिंह, आईआईएस को प्रतिष्ठित शान-ए-उत्तर प्रदेश सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कशिश मीडिया द्वारा उनके असाधारण सामाजिक योगदान और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया।

जय सिंह लंबे समय से गरीब एवं असहाय बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे जरूरतमंद विद्यार्थियों की फीस, कॉपी-किताब एवं अन्य शैक्षिक आवश्यकताओं की निःशुल्क व्यवस्था कर शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इसके साथ ही सिविल सर्विसेज एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को वे नियमित रूप से मार्गदर्शन, काउंसलिंग एवं रणनीतिक सहयोग प्रदान करते हैं, जिससे अनेक विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने में सहायता मिली है।

यह भव्य सम्मान समारोह लखनऊ स्थित प्रेस क्लब में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक सूर्य कुमार शुक्ल उपस्थित रहे। उनके कर-कमलों द्वारा चयनित विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

यह आयोजन प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान कशिश मीडिया के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन संस्थापक जिया सिद्दीकी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों—पत्रकार, समाजसेवी, शिक्षाविद, कलाकार एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित किया गया। जय सिंह ने यह सम्मान अपने माता-पिता, शुभचिंतकों, मित्रों तथा उन सभी व्यक्तियों को समर्पित किया, जो उनके सामाजिक कार्यों में निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज सेवा का यह कार्य सामूहिक प्रयासों और सकारात्मक सोच से ही संभव हो पाया है।गौरतलब है कि इससे पूर्व भी जय सिंह को कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं सामाजिक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें लाइफ टाइम एक्सीलेंस अवार्ड, डॉ. भीमराव अंबेडकर विशिष्ट स्कॉलर सम्मान, विशिष्ट प्रशासनिक सेवा सम्मान एवं संत गाडगे सेवा सम्मान प्रमुख हैं। ये सभी सम्मान उनके सतत जनसेवा, प्रशासनिक दक्षता एवं सामाजिक योगदान का प्रमाण हैं।कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने जय सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक है और युवाओं के लिए मार्गदर्शक का कार्य करता है।यह सम्मान न केवल जय सिंह की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्तित्वों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी है। इस अवसर पर लखनऊ सहित पुरे प्रदेश के विशिष्ट गणों के साथ पत्रकार उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार चाहती है कि मौसम की और सटीक जानकारी के लिए उसका अपना सेटेलाइट हो:मुख्यमंत्री



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में किए गए कार्यों के परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। लखनऊ में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की स्थापना से उत्तर प्रदेश को विशेष लाभ मिलेगा। यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है। महज 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि में यूपी देश का 21 फीसदी खाद्यान्न उत्पादन करता है। समय पर मौसम, बारिश, अतिवृष्टि, अनावृष्टि या ओलावृष्टि की जानकारी नहीं मिलेगी तो हम किसानों के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना मौसम की और सटीक जानकारी प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह संग बटन दबाकर क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया। इसे लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र को परिवर्तित कर स्थापित किया गया है। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि हम लोग सीजन में अतिवृष्टि-अनावृष्टि, आकाशीय बिजली आदि के संबंध में मेट्रोलॉजिकल व अन्य विभागों की बैठक में चर्चा करते थे कि समय पर सटीक जानकारी मिलने से सही रणनीति संभव होती है। आज केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में लखनऊ खुद को मेट्रोलॉजिकल रीजनल सेंटर के रूप में स्थापित कर रहा है। यह यूपी के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को वैज्ञानिक तरीके से आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सीएम ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के प्रति आभार भी जताया।

सीएम ने कहा कि आजादी के बाद इस विषय पर अपेक्षित ध्यान न देने का परिणाम था कि अन्नदाता किसान अपेक्षित प्रगति नहीं कर पाए। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनधन की हानि को रोकने वाले प्रयास भी अधूरे रहे। लेकिन, पिछले 12 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में डॉ. जितेंद्र सिंह ने जो अभियान प्रारंभ किया, उसका परिणाम सभी देख रहे हैं। 12 वर्ष पहले बारिश, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, आकाशीय बिजली के खतरों के बारे में जो जानकारी मिलती थी, होता उससे ठीक उल्टा था, लेकिन अब मौसम की सटीक जानकारी प्राप्त हो रही है।

सीएम ने कहा कि 13 मई को आंधी-तूफान से प्रदेश के कुछ जनपदों में जनधन की काफी हानि हुई थी। बैठक में मैंने पूछा कि अर्ली वार्निंग सिस्टम क्यों काम नहीं कर रहा था। पता चला कि सिस्टम तो काम कर रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की सक्रियता का अभाव है। फिर रात में पूरे प्रदेश के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मैंने कहा कि जब आपको अलर्ट मिल रहा है तो आपको भी स्थानीय स्तर पर लोगों व संस्थाओं को अलर्ट करना चाहिए। इस बैठक के चौथे-पांचवें दिन भी आपदा आई, लेकिन तीन घंटे पहले सबके मोबाइल पर अलर्ट आना प्रारंभ हो गया।

सीएम ने सहारनपुर की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां शिवालिक पहाड़ी की तलहटी में मां शाकम्भरी देवी का मंदिर है। देहरादून व शिवालिक पहाड़ियों में भारी बरसात हुई। यहां बारिश होने से एकत्र होने वाला जल बाढ़ जैसा माहौल पैदा कर देता है। उस समय मंदिर में कीर्तन चल रहा था, काफी श्रद्धालु मौजूद थे, लेकिन मौसम विभाग ने समय से सही जानकारी दी तो सभी को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया, जिससे जनधन की व्यापक हानि रुक गई।

सीएम ने कहा कि मीरजापुर, सोनभद्र, चंदौली आदि कई जनपदों में आकाशीय बिजली का खतरा बहुत रहता है। हर वर्ष 100-150 लोगों की मौत होती थी। चार-पांच वर्ष पहले प्रयागराज से पटना के बीच एक ही दिन में 90 मौतें हुई थीं। इसमें यूपी के 30 व बिहार के 60 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एमडीएमए, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की बैठक में मैंने पूछा कि आखिर इन मौतों को कौन रोकेगा। क्या इसे तकनीक से रोका नहीं जा सकता, तब विभाग ने बताया कि यह संभव है। अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाने का परिणाम है कि उक्त जिलों में हर वर्ष होने वाली मौत के आंकड़े घटकर महज दर्जन भर रह गए। लोगों को भी ऐसे मौसम में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए, सतर्क रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी को सदैव डॉ. जितेंद्र सिंह का सकारात्मक सहयोग मिलता है। मौसम की पूर्व जानकारी किसानों की आमदनी बढ़ाने और आकाशीय बिजली, अतिवृष्टि, अनावृष्टि व ओलावृष्टि के कारण होने वाली जनधन की हानि को रोकने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमने इसरो से भी अनुरोध किया था कि राज्य सरकार चाहती है कि उसके पास अपना सेटेलाइट हो, जो मौसम की और सटीक जानकारी उपलब्ध करा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य ने जबसे बुद्धिमत्ता का उपयोग प्रारंभ किया होगा, उसके लिए सबसे पहले मौसम की जानकारी, आकाश में चमकती बिजली, बादलों से होने वाली वर्षा जैसी स्थितियां कौतूहल का विषय बनीं। ऋषि-मुनियों ने स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पंचांग का निर्माण किया। आज भी ग्रह-नक्षत्रों के आधार पर की गई गणना मौसम की सटीक जानकारी का आधार बनती है। लोक कहावतों, लोक परंपराओं में भी हम देखते थे कि अमुक चिड़िया की बोली या जानवरों का व्यवहार परिवर्तन मौसम की पूर्व जानकारी देने का माध्यम बनता था।

सीएम ने कहा कि क्लाईमेट चेंज होने से मौसम चक्र में लगभग एक महीने का अंतर आया है। यही हाल रहा तो देश-दुनिया के सामने भीषण खाद्यान्न संकट खड़ा हो सकता है। हमने स्वार्थ के लिए प्रकृति का दोहन किया है तो प्रकृति भी हमसे विमुख होती दिख रही है। यदि हम संस्कारों को पुनर्जीवित और धरती मां के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन कर लें तो इसे सुधारने में मदद मिल सकती है। समय पर मौसम विभाग की जानकारी मिलने से किसानों व अर्थव्यवस्था को होने वाली क्षति तथा खाद्यान्न संकट टालने में सफल हो सकते हैं।

सीएम ने आकाशीय बिजली से मौतों पर दुख जताते हुए कहा कि किसान, सह किसान (बटाईदार) व पारिवारिक सदस्य की आपदा में मौत होने पर सरकार मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा के तहत तत्काल पांच लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराती है। गंगा, यमुना, सरयू, राप्ती व गंडक समेत कई नदियों में बाढ़ आती है। अलग-अलग समय में बाढ़ के कारण भी राज्य में जनधन की हानि होती है। यूपी में मौसम की सटीक जानकारी देने के लिए डॉप्लर स्थापित हो रहे हैं, लेकिन यूपी स्पेसिफिक सेटेलाइट स्थापित हो। इसके लिए प्रदेश में केंद्र बन सके तो यूपी सरकार इसमें हरसंभव सहयोग करेगी। इसके साथ ही सीएम ने भारतीय मौसम विज्ञान की तारीफ करते हुए कहा कि सही जानकारी मिलने का लाभ यूपी को मिलता है।

कार्यक्रम में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र नई दिल्ली के प्रमुख डॉ. दुष्मंत रंजन पटनायक, लखनऊ मौसम केंद्र के प्रमुख डॉ. मनीष रमेश रानाल्कर आदि मौजूद रहे।

# योगी सरकार देने जा रही पांच नये एकीकृत आयुष चिकित्सालय एवं महाविद्यालय की सौगात

लखनऊ। योगी सरकार आयुष चिकित्सा प्रणाली को मजबूत बनाने और प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी क्रम में योगी सरकार ने पांच नए एकीकृत आयुष चिकित्सालय और महाविद्यालयों की स्थापना का निर्णय लिया है। ये आयुष चिकित्सालय और महाविद्यालय गोंडा, मीरजापुर, मेरठ, आगरा और बस्ती मंडल में स्थापित किए जाएंगे, जहां विद्यार्थियों को आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ आधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान की शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। योगी सरकार के निर्णय से न केवल प्रदेश में आयुष शिक्षा का दायरा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। नए महाविद्यालयों के माध्यम से युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे और आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार होगा।

प्रमुख सचिव, आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ भारत की पारंपरिक चिकित्सा विरासत को भी मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं ताकि प्रदेशवासियों को सुरक्षित, सस्ती तथा प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर पांच नये एकीकृत आयुष चिकित्सालय और महाविद्यालय के लिए पांच मंडलों में जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। देवीपाटन मंडल में गोंडा के विकास खंड वजीरगंज के ग्राम कोडर में लगभग 14.82 एकड़ भूमि, मीरजापुर मंडल में सदर तहसील के ग्राम अकोढ़ी में 13.83 एकड़ भूमि, मेरठ मंडल के लिए गाजियाबाद के मोदीनगर तहसील के ग्राम सैदपुर हुसैनपुर डलना में 11 एकड़ भूमि, आगरा मंडल में किरावली तहसील के ग्राम अकबरा में 13.5 एकड़ भूमि और बस्ती मंडल में हर्रैया तहसील के ग्राम जोगापुर में 15 एकड़ भूमि महाविद्यालय की स्थापना के लिए चिन्हित की गयी है। इनमें से चार मंडलों में जमीन पहले ही आयुष विभाग के नाम दर्ज है, जबकि बस्ती में भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

आयुष महानिदेशक एवं मिशन निदेशक चैत्रा वी. ने बताया कि सभी पांच मंडलों में आयुष महाविद्यालय के लिए जमीन उपलब्ध हो गयी है। वहीं वर्तमान में राजकीय एकीकृत आयुष महाविद्यालय एवं चिकित्सालय का नक्शा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए आयुष महाविद्यालय केवल शिक्षा संस्थान नहीं होंगे, बल्कि शोध और नवाचार के केंद्र के रूप में भी विकसित किए जाएंगे। यहां आयुर्वेदिक औषधियों, योग चिकित्सा, जीवनशैली आधारित उपचार और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे भारतीय चिकित्सा परंपरा को वैज्ञानिक आधार पर और अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही मंडल में उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों के छात्रों को बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। महाविद्यालयों में आधुनिक प्रयोगशालाएं, चिकित्सालय, अनुसंधान सुविधाएं और प्रशिक्षण केंद्र विकसित किए जाएंगे, जिससे आयुष शिक्षा को नई गुणवत्ता और पहचान मिलेगी।

# उत्तर प्रदेश में टेक्सटाइल हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख टेक्सटाइल एवं परिधान विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। योगी सरकार ने वाराणसी, अमरोहा, बरेली, संत कबीर नगर और बिजनौर में पांच बड़े टेक्सटाइल पार्क विकसित करने की योजना बनाई है। इन पार्कों के लिए कुल 326 एकड़ से अधिक भूमि चिह्नित की गई है और सभी भूमि पार्सलों के हस्तांतरण को मंत्रिमंडल की मंजूरी भी मिल चुकी है।

इस योजना के तहत वाराणसी के रामना में 75 एकड़, अमरोहा में 79.825 एकड़, बरेली के बहेड़ी में 79.580 एकड़, संत कबीर नगर के मगहर में 39.490 एकड़ तथा बिजनौर के नगीना में 52.910 एकड़ भूमि पर पार्क विकसित किए जाएंगे। सभी परियोजनाएं सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल पर स्थापित होंगी। सरकार का लक्ष्य निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना है।

परियोजना के क्रियान्वयन के लिए प्राधिकरण गठन की अधिसूचना जारी की जा चुकी है तथा भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। नादर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (NITRA) द्वारा वाराणसी पार्क की प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी है, जबकि शेष चार पार्कों की संशोधित प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उद्योग जगत के सुझावों को शामिल करते हुए इन रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

वाराणसी के रामना टेक्सटाइल पार्क को शीघ्र विकसित करने के लिए संपर्क मार्ग निर्माण का कार्य भी आगे बढ़ रहा है। सड़क निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद अनुबंध की कार्यवाही प्रगति पर है। वहीं बिजली आपूर्ति के लिए 132 केवी उपकेंद्र, ट्रांसमिशन लाइन और 33 केवी विद्युत अवसंरचना की रूपरेखा तैयार की गई है, जिससे पार्क को निर्बाध विद्युत उपलब्ध कराई जा सके।

योगी सरकार पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप परियोजनाओं को विकसित करने पर भी विशेष जोर दे रही है। पर्यावरण स्वीकृति, भूजल उपयोग और वन विभाग की अनापत्ति से संबंधित प्रक्रियाएं जारी हैं। इसके साथ ही चार अन्य पार्कों के लिए मास्टर डेवलपर चयन हेतु पीपीपी आधारित निविदा दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं। उद्योगों से मिले सकारात्मक प्रतिसाद के बाद सरकार को इन परियोजनाओं में बड़े निवेश की उम्मीद है।

राज्य सरकार का मानना है कि संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजना उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल निर्माण, रेडीमेड गारमेंट्स, तकनीकी वस्त्र और निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के हजारों अवसर सृजित होंगे और प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी।

# कुपोषण के खिलाफ जंग में यूपी बना मॉडल, 1.56 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच रहा पौष्टिक आहार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई में देश के लिए एक प्रभावी मॉडल बनकर उभरा है। महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की सक्रिय कार्यशैली के चलते प्रदेश में संचालित टेक होम राशन योजना मातृ एवं शिशु पोषण को नई मजबूती प्रदान कर रही है। पोषण, तकनीक, पारदर्शिता और महिला सशक्तीकरण को एक साथ जोड़ने वाली यह व्यवस्था अब राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त कर रही है।

योगी सरकार ने भारत सरकार की सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 गाइडलाइन तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2023 के अनुरूप रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने इस नई प्रणाली को बड़े पैमाने पर धरातल पर उतारा है। वर्तमान में प्रदेश में हर महीने लगभग 1.56 करोड़ लाभार्थियों तक पौष्टिक आहार पहुंचाया जा रहा है। इनमें छह माह से छह वर्ष तक के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं तथा अतिकुपोषित बच्चे शामिल हैं।

सीएम योगी के मार्गदर्शन में यह पहल केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सकारात्मक असर स्वास्थ्य संकेतकों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2015-16 की तुलना में वर्ष 2019-21 के दौरान प्रदेश में बच्चों में स्टंटिंग यानी नाटेपन की दर 39.7 प्रतिशत से घटकर 31.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। इसके अलावा अल्पवजन और दुबलापन जैसी समस्याओं में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि योगी सरकार की पोषण नीति जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम दे रही है। योगी सरकार में इस योजना के तहत विभिन्न आयु वर्गों के लिए विशेष पोषण उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। शिशु अमृत, शिशु आहार, बाल पुष्टिकर और संपूर्ण मातृ आहार जैसे उत्पाद बच्चों और महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। वहीं बच्चों के लिए आरोग्य पोषण, बाल संजीवनी और सक्षम पोषण जैसी ऊर्जा युक्त विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं। योगी सरकार ने पूरी आपूर्ति व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़कर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की है। जीपीएस ट्रैकिंग, क्यूआर कोड और ओटीपी आधारित सत्यापन प्रणाली के माध्यम से हर पैकेट की डिजिटल निगरानी की जा रही है। इससे वितरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी हुई है और लाभार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण पोषण सामग्री समय पर पहुंच रही है।

हर्षिता माथुर, निदेशक, बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा राज्य पोषण मिशन ने बताया कि महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में भी यह योजना नई मिसाल बन रही है। टेक होम राशन के उत्पादन और आपूर्ति की जिम्मेदारी मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपी गई है। वर्तमान में प्रदेश की 4000 से अधिक महिलाएं इन उत्पादन इकाइयों से जुड़कर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर रही हैं। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिली है।

# शिव महापुराण कथा का हुआ शुभारंभ

बल्दीराय-सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के स्थानीय कस्बा बल्दीराय स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ शाम 7 बजे से होगा।कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित राजकुमार शास्त्री के मुखारविंद से किया जाएगा।

इस धार्मिक आयोजन के संरक्षक क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पूर्व गणित प्रवक्ता जय बहादुर सिंह हैं।उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर शिव महापुराण कथा का श्रवण करने और धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।आयोजकों के अनुसार कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा,भक्ति, धर्म एवं आध्यात्मिक ज्ञान से संबंधित प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा।शिवभक्तों में कथा को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

जय बहादुर सिंह ने कहा कि शिव महापुराण कथा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों,सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का माध्यम भी है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से समय से पहुंचकर कथा में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

# सुदीक्षा फाउंडेशन ने निकाली पर्यावरण जागरूकता रैली



लखनऊ। लखनऊ में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सुदीक्षा फाउंडेशन द्वारा त्रिवेणी नगर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के साथ पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई साथ ही विभिन्न स्थानों पर 500 से अधिक पौधारोपण किया गया।

रैली के माध्यम से बच्चों और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ पर्यावरण, वृक्षारोपण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। हाथों में संदेश लिखी तख्तियां लेकर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

रैली के दौरान लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में सुदीक्षा फाउंडेशन के संस्थापक शिवम पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष शहनवाज खान सहित संस्था के पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे। पौधारोपण अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया गया।

शिवम पांडेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं है, बल्कि यह हम सभी की निरंतर जिम्मेदारी है। पर्यावरण सिर्फ एक दिन में नहीं बचाया जा सकता। 5 जून के अलावा भी वर्ष के 365 दिनों में हमें वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए। लोगों से अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील किया।

# मोबाइल चोरी कर यूपीआई से उड़ाते थे रकम,पांच साइबर ठग गिरफ्तार



लखनऊ। लखनऊ के सैरपुर पुलिस और डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने मोबाइल चोरी कर बैंक खातों से रुपए निकालने वाले एक शातिर साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 मोबाइल फोन, 7 सिम कार्ड, 2 एटीएम कार्ड, 22,260 रुपये नकद, चार्जर, मल्टी चार्जिंग केबल और घटना में यूज हुई हुंडई वर्ना कार बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, सैरपुर क्षेत्र निवासी सरोज कुमार ने 7 जून को मोबाइल चोरी होने और खाते से रुपए निकलने की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के एसबीआई खाते से 1.36 लाख रुपये तथा पीएनबी खाते से 54 हजार रुपए निकाल लिए गए थे। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर किसान पथ क्षेत्र में घेराबंदी की। यहां एक हुंडई वर्ना कार में सवार पांच संदिग्धों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी के मोबाइल, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड और नकदी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बाजारों, बस स्टैंडों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों के मोबाइल चोरी करते थे। मोबाइल हाथ लगने के बाद उसमें मौजूद बैंकिंग एप और सिम कार्ड का इस्तेमाल कर नई यूपीआई आईडी बनाते थे। इसके जरिए खाताधारकों की जानकारी के बिना उनके बैंक खातों से रुपए ट्रांसफर कर लेते थे।

गिरफ्तार आरोपी औरैया, शाहजहांपुर, हाथरस और हरदोई जिलों के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास और अन्य मामलों में संलिप्तता की जांच कर रही है। उनके पास से 15 मोबाइल फोन 7 सिम कार्ड 2 एटीएम कार्ड 22,260 रुपये नकद चार्जर व मल्टी चार्जिंग केबल हुंडई वर्ना कार (सीज) बरामद की गई है।

# सगे मामा ने किया था भांजी से दुष्कर्म

लखनऊ। लखनऊ में बंथरा पुलिस ने नाबालिग भांजी से दुष्कर्म के आरोपी उसके सगे मामा को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत सोमवार को जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, पीड़िता की मां ने रविवार को बंथरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी 13 वर्षीय बेटी, जो कक्षा 7 में पढ़ती है, तीन दिन पहले अपनी ननिहाल आई थी।

रविवार सुबह करीब 10 बजे, नशे में धुत मामा अपने घर पहुंचा और बच्ची को कमरे में खींच ले गया। वहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के चीखने-चिल्लाने पर आरोपी की पत्नी ने उसे बचाने का प्रयास किया, जिस पर आरोपी ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित किशोरी की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद, प्रभारी निरीक्षक बंथरा के निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने साक्ष्य संकलन और आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर, 32 वर्षीय आरोपी को नरायनपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। एपुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य तथ्यों और साक्ष्यों का भी संकलन किया जा रहा है।

# रोबोटिक टेक्नोलॉजी से बदलेगा फिजियोथेरेपी का तरीका




गोरखपुर। गोरखपुर के हेल्थ केयर सेक्टर में तेजी से बढ़ रही एडवांस टेक्नोलॉजी और रोबोटिक रिहैबिलिटेशन को लेकर नेशनल लेवल का कॉन्क्लेव होने जा रहा है। 25 अक्टूबर को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में गोरखपुर फिजियोकॉनक्लेव आयोजित होगा। इसमें देश के अलग-अलग शहरों से आने वाले एक्सपर्ट फिजियोथेरेपी के बदलते स्वरूप और मरीजों की बेहतर रिकवरी में आधुनिक तकनीकों की भूमिका पर चर्चा करेंगे।

यूथ फिजियोथेरेपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन और इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट उत्तर प्रदेश ब्रांच की ओर से आयोजित इस कॉन्क्लेव की थीम इस बार रोबोटिक रिहैबिलिटेशन रखी गई है। इसमें एक्सपर्ट बताएंगे कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक सिस्टम की मदद से फिजियोथेरेपी ट्रीटमेंट को कैसे ज्यादा सटीक और प्रभावी बनाया जा सकता है। कॉन्क्लेव में दिल्ली, बंगलूरू, हैदराबाद, देहरादून, पटना, रांची, वाराणसी और कानपुर समेत कई शहरों से करीब 1000 फिजियोथेरेपिस्ट, रिहैबिलिटेशन एक्सपर्ट, एकेडमिक्स और रिसर्चर शामिल होंगे। एक्सपर्ट न्यूरो रिहैबिलिटेशन, ऑर्थोपेडिक रिकवरी, एडवांस थेरेपी और हेल्थ केयर में हो रहे नए इनोवेशन पर अपने अनुभव साझा करेंगे।

आयोजकों के अनुसार इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य फिजियोथेरेपी प्रोफेशनल्स और स्टूडेंट्स को इंटरनेशनल लेवल पर इस्तेमाल हो रही नई तकनीकों और रिसर्च से जोड़ना है। कार्यक्रम में एक्सपर्ट टॉक, साइंटिफिक सेशन, रिसर्च प्रेजेंटेशन और लाइव डिस्कशन होंगे। आयोजकों का कहना है कि रोबोटिक रिहैबिलिटेशन आने वाले समय में हेल्थ केयर का अहम हिस्सा बनने जा रहा है। ऐसे आयोजन से पूर्वांचल में एडवांस फिजियोथेरेपी सर्विस और आधुनिक इलाज की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में यूथ फिजियोथेरेपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रजत श्रीवास्तव, जिला अस्पताल के डॉ. रविंद्र ओझा, आईएपी गोरखपुर ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. त्र्यंबक पांडे, सचिव डॉ. दिनेश दुबे, डॉ. मानित दीक्षित, डॉ. अश्वनी यादव, डॉ. शोभित श्रीवास्तव, डॉ. पूजा शर्मा और डॉ. दिव्या सिन्हा सहित एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहेंगे।

# मृतक दंपति के परिवार से मिले सपा विधायक

कानपुर। कानपुर के जाजमऊ में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले नगर निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारी लक्ष्मीकांत शर्मा और उनकी पत्नी आशा शर्मा के परिजनों से मिलने के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई और हसन रूमी उनके आवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और हादसे की जानकारी ली। 6 जून को जाजमऊ इलाके में दंपति बाइक से जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए थे, जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। सोमवार को सपा नेताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। सड़क पर फैली गिट्टी को बताया हादसा होने का कारण विधायक अमिताभ बाजपेई ने बताया कि परिजनों और स्थानीय लोगों से बातचीत के दौरान सड़क पर फैली गिट्टी को हादसे का प्रमुख कारण बताया गया। लोगों का कहना है कि गिट्टी के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ गया, जिससे दंपती दुर्घटना का शिकार हो गए।

# डीएम-एसएसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा का किया निरीक्षण

## परीक्षा केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से लिया जायजा



**अयोध्या।** पुलिस भर्ती परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के साथ मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा आयोजन में शासन द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परीक्षा कक्षों, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों की सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा समय से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र के साथ निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना चाहिए ताकि प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, अभ्यर्थियों की सघन जांच, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्र परिसर एवं उसके आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कंट्रोल रूम से निगरानी व्यवस्था तथा परीक्षा कक्षों में उपलब्ध संसाधनों का भी परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नकल, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा अव्यवस्था को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परीक्षा को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस भर्ती परीक्षा-2026 के प्रथम दिन जनपद के 12 केन्द्रों पर आयोजित हुयी, जिसमें प्रथम पाली में कुल 5136 अभ्यार्थियों में से 4037 अभ्यार्थी (78.60 प्रतिशत) उपस्थित रहें तथा 1099 अभ्यार्थी (21.40 प्रतिशत) अनुपस्थित रहें। इसी क्रम में द्वितीय पाली में कुल 5136 अभ्यार्थियों में से 4160 अभ्यार्थी (81.00 प्रतिशत) उपस्थित रहें तथा 976 अभ्यार्थी (19.00 प्रतिशत) अनुपस्थित रहें।

# 9 साल तक अदालतों के चक्कर, मौत के बाद बेटे को मिला हक

**बल्दीराय-सुल्तानपुर।** न्याय मिलने में भले ही नौ साल लग गए,आखिरकार नन्दौली गांव की उचित दर दुकान का विवाद समाप्त हो गया।वर्षों तक अदालत में चली कानूनी लड़ाई के बाद उच्च न्यायालय के आदेश से राशन की दुकान बहाल कर दी गई है।खास बात यह रही कि जिस असगरी बेगम ने अपने अधिकार के लिए लड़ाई शुरू की थी,फैसला आने से पहले ही उनका निधन हो गया।

जानकारी के अनुसार,नन्दौली गांव की उचित दर विक्रेता असगरी बेगम की दुकान को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था, जिसके बाद मामला न्यायालय पहुंच गया। करीब नौ वर्षों तक मुकदमा लंबित रहा।इस दौरान असगरी बेगम का निधन हो गया। जिससे परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद धूमिल होती नजर आने लगी थी।लेकिन शासनादेश-2019 के तहत मृतक आश्रित प्रावधान ने परिवार को राहत दी।

असगरी बेगम के पुत्र जीशान पुत्र अरमान को उचित दर विक्रेता के रूप में चयनित कर नियुक्ति प्रदान की गई है।उपजिलाधिकारी ने बताया कि यह नियुक्ति शासनादेश के अनुरूप की गई है तथा भविष्य में किसी सक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अधीन रहेगी।

# चोरी की लोहे की तिजोरी बरामद, तीन गिरफ्तार




**अयोध्या।** कैण्ट थाना पुलिस ने चोरी की लोहे की तिजोरी के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। वारदात में प्रयुक्त चार वाहन भी बरामद किया है।

सभी का मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है। प्रकरण में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस कार्यालय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी प्रभारी निरीक्षक थाना कैण्ट संदीप कुमार सिंह की पुलिस टीम ने मऊशिवाला से गद्दोपुर की तरफ जाने वाले नहर की पुलिया के पास से अभिषेक सिंह निवासी बोधारी थाना हैदरगंज, अवनीश कुमार सिंह उर्फ शौर्य प्रताप सिंह उर्फ अवधेश सिंह निवासी रामनगर कोतवाली बीकापुर और अरविंद निषाद निवासी बोधारी थाना हैदरगंज को गिरफ्तार किया है।

इनके पास से पुलिस ने चुराई गई लोहे की एक कैश चेस्ट तथा वारदात में प्रयुक्त सुजुकी सियाज कार,महिन्द्रा पिकअप तथा दो मोटरसाइकिल बरामद हुई है। आरोपियों से पूछताछ के आए तथ्य के आधार पर अमानत में खयानत तथा बरामदगी की धारा बढ़ा तीनों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है।

मामले में दी गई शिकायत में सरयू नहर कालोनी सिविल लाइन स्थित अधिशासी अभियन्ता लिफ्ट सिचाई खण्ड कार्यालय के अवर अभियन्ता (मुख्यालय) लिफ्ट सिंचाई खण्ड अयोध्या प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है कि विभागीय धनराशि के रखरखाव के लिए कई वर्ष पूर्व विभाग की ओर से कैशियर कमरे में लोहे की एक मजबूत और वजनी तिजोरी स्थापित कराई गई थी। कोई लोहे की तिजोरी को खोदकर कार्यालय से उठा ले गया।

# सवर्ण समाज पार्टी की हुई बैठक, पार्टी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने पर हुई चर्चा

**अयोध्या।** सवर्ण समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय, नियावां रामपथ, अयोध्या में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, पार्टी की आगामी गतिविधियों तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह (राष्ट्रीय महासचिव), श्री अनूप श्रीवास्तव (राष्ट्रीय प्रभारी), डॉ. धर्मेन्द्र सिंह (राष्ट्रीय सचिव), डॉ. धर्मपाल सिंह (राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी), डॉ. उत्तम कुमार सिंह (उत्तर प्रदेश अध्यक्ष), डॉ. अखिलेश्वर चौबे (अयोध्या जिला अध्यक्ष), श्री भानू प्रकाश श्रीवास्तव (अयोध्या जिला उपाध्यक्ष) तथा श्री निखिल श्रीवास्तव (अयोध्या महानगर अध्यक्ष) सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन को मजबूत करने, समाज के विभिन्न वर्गों तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने तथा आगामी कार्य क्रमों को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

# परिवहन आयुक्त का औचक निरीक्षण,तीन दिन में खामियां दूर करने के निर्देश



**अयोध्या।** परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने सोमवार को अयोध्या स्थित संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की और कई बिंदुओं पर असंतोष जताते हुए अधिकारियों को तीन दिन के भीतर कमियां दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यालय को लिखित रिपोर्ट भेजने को भी कहा गया।

निरीक्षण के दौरान परिवहन आयुक्त सभी काउंटरों और विभिन्न पटल पर पहुंचे। उन्होंने नागरिकों को दी जा रही सेवाओं, लंबित आवेदनों और कार्यालय के कार्य संचालन की जानकारी ली। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) डॉ. आरपी सिंह उन्हें विभिन्न शाखाओं में ले जाकर विभागीय कार्यों की जानकारी देते रहे।

परिवहन आयुक्त ने सारथी पोर्टल और वाहन पोर्टल पर लंबित आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पेंडेंसी को शून्य करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम का भी अवलोकन किया गया। दस्तावेजों के रखरखाव और अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण को लेकर उन्होंने सुधार के निर्देश दिए। परमिट और प्रवर्तन से जुड़ी व्यवस्थाओं को भी तीन दिन के भीतर दुरुस्त करने के आदेश दिए गए।

परिवहन आयुक्त ने कार्यालय में कार्यरत अटल सहायकों से भी बातचीत की और विभागीय कार्यों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग की सेवाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर सुधार आवश्यक है।

इस अवसर पर उप परिवहन आयुक्त अयोध्या परिक्षेत्र राजकुमार सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) विश्वजीत प्रताप सिंह, मोटर यान निरीक्षक राजीव कुमार, सरवर जावेद, अतुल मौर्य, अनुराग सोनकर, निखिल वर्मा और पूजा सिंह,लवकुश सिंह समेत कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान ड्राइविंग टेस्टिंग व्यवस्था और आधुनिक ड्राइविंग प्रशिक्षण सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। परिवहन आयुक्त ने बताया कि ड्राइविंग टेस्टिंग के लिए मशीनें मारुति द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं, जबकि इनके संचालन और भौतिक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी विभाग निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि मात्र एक हजार रुपये शुल्क वाली आधुनिक ड्राइविंग प्रशिक्षण सुविधा का उपयोग अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो रहा है। इसके प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने की जरूरत है ताकि अधिक से अधिक लोग प्रशिक्षित होकर सुरक्षित और जिम्मेदार वाहन चालक बन सकें।

परिवहन आयुक्त ने कहा कि सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है और विभाग अपनी जिम्मेदारियों को लेकर पूरी तरह सजग है। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में सभी कमियां दूर कर बेहतर सेवा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सपा टाण्डा विस इकाई की मासिक बैठक सम्पन्न



**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** टाण्डा विधान सभा के पुन्थर स्थित मौर्य मैरेज लान में समाजवादी पार्टी के टांडा विधानसभा इकाई की मासिक बैठक रविवार को विधानसभा अध्यक्ष संदीप यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व स्थानीय विधायक राममूर्ति वर्मा व वरिष्ठ अतिथि पूर्व एम एल सी अजय उर्फ विशाल वर्मा मौजूद रहे ।

बैठक में संगठन की मजबूती प्रदान करने व जनसमस्याओं तथा आगामी चुनावी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमे मुख्यरूप से हाजी इफ्तिखार अंसारी व पूर्व चेयर में हाजी इफ्तिखार अहमद , महंत चंद्रप्रकाश त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव मुजीब अहमद सोनू ने किया।वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार जनहितके मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, खराब विद्युत व्यवस्था और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर जनतापरेशान है। पार्टीकार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों कीसमस्याएं सुनने और उन्हें लेकर संघर्ष तेजकरने का आह्वान किया गया। बैठक मेंसर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 जून को टांडा तहसील परिसर में जनहितविभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। ज्ञापनसौंपा जाएगा। इसके लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने की अपील की गई है । इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# अयोध्या को स्वच्छ बनाने में सफाई कर्मियों की भूमिका अहम : गिरीशपति त्रिपाठी

## स्वच्छता कर्मियों के लिए क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित



**अयोध्या।** नगर निगम अयोध्या ने सोशियोवाइटल नेटवर्क फाउंडेशन, वी केयर एवं इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता कर्मियों के क्षमता संवर्धन एवं कार्यस्थल सुरक्षा विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षा किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीश पत्र पार्टी ने कहा कि अयोध्या नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में इनका प्रशिक्षित होना और सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित होना आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छता को जनान्दोलन बनाने की आवश्यकता जताई। सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय ने प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों ( एमएसडब्ल्यू रूल्स 2026) की जानकारी देते हुए कचरा पृथक्करण, वैज्ञानिक निस्तारण एवं स्वच्छता मानकों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण सत्र का संचालन मजहर ने किया। प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छता कर्मियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के उपयोग तथा कार्यस्थल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में एकल-उपयोग प्लास्टिक के प्रयोग से बचाव, कचरे का पृथक्करण तथा पर्यावरण-अनुकूल व्यवस्थाओं को अपनाया गया।

आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसमें सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम को अपर नगर आयुक्त श्री भारत भार्गव ने संबोधित किया।

# स्कूटी सवार महिला से चेन स्नेचिंग, गिरकर हुई घायल

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के देवकाली क्षेत्र में एक स्कूटी सवार महिला से चेन स्नेचिंग की वारदात हुई। वारदात के दौरान महिला स्कूटी से गिरने के कारण घायल हो गई। उसका प्राथमिक उपचार कराया गया है। मामले की सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल और आरोपियों की सुरागरसी शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हैदरगंज की रहने वाली महिला अमिता श्रीवास्तव रविवार की रात अपनी स्कूटी से वापस घर आ रही थी। इसी दौरान देवकाली-रीडगंज संपर्क मार्ग पर मद्रास हैंडलूम के पास एक बाइक सवार युवकों ने झपट्टा मार उसके गले से सोने की चैन छीन ली और मौके से भाग निकले। अचानक झपट्टा मारने और चेन स्नेचिंग की वारदात से महिला घबड़ा गई और स्कूटी अनियंत्रित होने के कारण

महिला सड़क पर गिर पड़ी। जिसके कारण उसके सिर,आंख, हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं हैं। उसकी बेटी को भी चोट खरोंच आई है। वारदात की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की पहचान और सुरागरसी के लिए मार्ग तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला है। पीड़ित महिला का प्राथमिक उपचार कराया है।

# धर्मेन्द्र शर्मा की पावर से अवध विवि को पावर लिफ्टिंग में मिला गोल्ड




**अयोध्या।** डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ी धर्मेन्द्र शर्मा ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए 105 भार वर्ग कैटेगरी में प्रथम स्थान पर रहते हुए अवध विश्वविद्यालय के लिए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पावर लिफ्टिंग टीम के साथ टीम मैनेजर डॉ.मनीष सिंह एवं कोच बबलू रहे। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पावर लिफ्टिंग पुरुष प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ी धर्मेन्द्र शर्मा के शानदार प्रदर्शन के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने धर्मेन्द्र शर्मा को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है उन्होंने कहा कि निरन्तर अभ्यास एवं कौशल को विकसित करके सफलता प्राप्त की जा सकती है, धर्मेन्द्र शर्मा ने ऑल इंडिया प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करके विश्वविद्यालय को गौरान्वित किया है, विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल प्राप्त खिलाड़ी को सम्मानित करेगा। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों की खेल सुविधाओ में कोई कमी नही होगी। धर्मेन्द्र शर्मा की सफलता पर विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने बधाई के साथ शुभकामनाएं दी है। प्रो.आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि कुलपति जी के नेतृत्व में अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ी ऑल इंडिया प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर रहे है, कुलपति जी के निर्देशन में अवध विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार स्टेडियम एवं अन्य खेल सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को उच्च खेल सुविधाओं के साथ ट्रेनिंग प्राप्त होगी एवं खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन में निखार आयेगा। पदक विजेता खिलाड़ी की सफलता पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ला, कुलसचिव विनय कुमार सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.नीलम पाठक, कुलानुशासक प्रो. एस. एस. मिश्रा, क्रीड़ा उप सचिव डॉ.अनुराग पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य प्रो.अभय कुमार सिंह, महाविद्यालय विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष प्रो. संग्राम सिंह, डॉ. राना रोहित सिंह, पूर्व क्रीड़ा सचिव प्रो.प्रवीण सिंह, प्रो.सन्तोष गौड़, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. सीमा पाण्डेय, प्रो. आशुतोष सिंह,प्रो. सत्य प्रकाश गुप्ता, प्रो. विनय कुमार सिंह, प्रो. आदित्य प्रताप सिंह, प्रो अंजनी कुमार सिंह, डॉ.उमापति, डॉ.वेद प्रकाश वेदी,डॉ. नागेन्द्र सिंह, डॉ. संतलाल, डॉ.अनिल कुमार मिश्रा, डॉ.कपिल कुमार, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. त्रिलोकी यादव , शिव कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# राजस्व प्रशासन अवैध निर्माण रोकता रहा, किन्तु नहीं मानी कुमारगंज पुलिस

**कुमारगंज थाने से चंद कदम दूरी स्थित बरईपारा गांव का मामला**

**घंटों चलता रहा लुका छुपी का खेल, उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने लिया यू टर्न**



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के बरईपारा गांव में महिला खातेदार की भूमि पर दबंगों द्वारा रविवार अवकाश के दिन स्थानीय पुलिस से सांठ गांठ करके अवैध कब्जा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू तो यह है कि राजस्व कर्मी भी अवैध निर्माण को रूकवाते रहे लेकिन कुमारगंज थाने की पुलिस दर्जनों मजदूरों को संरक्षण देकर अवैध निर्माण कराती रही।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजस्व गांव बरईपारा स्थित गाटा संख्या 121 फैजाबाद रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित है। जिसमें सकीना एवं हकीम अली ने वर्ष 2002 में भूखंड का बैनामा लिया है जिसमें मकान एवं दुकान बनी हुई है तथा में रोड से लेकर पीछे तक पीछे पुरानी नींव भी स्थित है।पीड़ित महिला खातेदार का आरोप है कि गांव के ही मंसाराम अपने परिवार के लोगों सहित हरदोईया गांव निवासी रामू ठेकेदार एवं उनके दो दर्जन से अधिक मजदूरों को लेकर स्थानीय पुलिस से सांठ गांठ करके बीते रविवार अवकाश के दिन मौके पर पहुंच गए और महिला खातेदार की दीवार तोड़कर अवैध निर्माण शुरू कर दिए। पीड़ित महिला एवं उनके पारिवारीजन भटकते रहे। खातेदार के विरोध के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित महिला खातेदार के नाती को थाने ले जाकर बैठा लिया। थक हार उन्होंने एसडीम और जिलाधिकारी तक से शिकायत की। उप जिलाधिकारी एवं सीओ मिल्कीपुर के फोन अवैध निर्माण रोके जाने के लिए थानाध्यक्ष के मोबाइल पर घनघनाते रहे। पुलिस मौके पर पहुंच कर काम बंद करवाने का नाटक करती रही लेकिन देर शाम तक काम चला रहा। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद आखिरकार अवैध निर्माण करवाने पर तुली कुमारगंज पुलिस ने यू टर्न लिया और अवैध निर्माण रोका जा सका। सोमवार को एसडीएम सुधीर कुमार ने दोनों पक्षों को तहसील तलब किया और दौरान मुकदमा मौके पर किसी भी प्रकार का कोई भी नवीन निर्माण किए जाने से उभय पक्षों को रोक दिया। एसडीएम ने थानाध्यक्ष कुमारगंज सुरेश कुमार पटेल को भी निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार का कोई भी निर्माण कतई न होने पाए।

# रोजगार मेले में 65 युवाओं को मिला रोजगार

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर द्वारा राजकीय आई.टी.आई. परिसर बेनीगंज में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में 195 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेल में किमी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों के एच0आर0 द्वारा 65 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसी क्रम में एक कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में उपस्थित युवाओं एवं युवतियों को सफल होने के कई गुण बताये गये तथा यह भी कहा गया कि अपने लक्ष्य के प्रति दृढ संकल्प एवं कठिन परिश्रम करने से ही लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है। उक्त जानकारी सहायक निदेशक (सेवायोजन) अयोध्या मंडल ने दी है।

# श्रृंगी ऋषि आश्रम पर दिखा मगरमच्छ श्रद्धालुओं में भय का माहौल



**गोसाईंगंज-अयोध्या।** पौराणिक स्थल श्रृंगी ऋषि आश्रम के पास कल कल कर बहती सरयू की धारा में स्नान करना अपनी जान को जोखिम में डालना हो गया है। इस जलधारा में अब मगरमच्छों का साम्राज्य हो गया है जिससे श्रद्धालु स्नान करने में हिचकने लगे है। सोमवार की सुबह सरयू नदी में एक विशाल मगरमच्छ दिखाई पड़ा। मगरमच्छ को देखकर स्नान कर रहे श्रद्धालु भयभीत हो गए और घाट छोड़कर भाग गए। इस घटना के बाद लोगो ने सुरक्षा दीवार व जाली लगाने की मांग करने लगे ताकि श्रद्धालु सुरक्षित स्नान कर सके।

आश्रम के महंत महेंद्र दास गोस्वामी ने बताया कि सरयू नदी के आसपास आये दिन मगरमच्छ दिखाई देते है।अभी हाल ही में सुजानपुर में एक कुत्ते को शिकार बना लिया था। महंत ने बताया कि सरयू का जलस्तर बढ़ने के कारण जलीय जीव घाट तक आ रहे है।संतो ने बताया कि इस आश्रम का महत्व रामायणकालीन समय से है और श्रद्धालुओ के आस्था का प्रमुख केंद्र है। यंहा चौत्र रामनवमी,गुरु पूर्णिमा,सावन मेला,शरद पूर्णिमा,कार्तिक पूर्णिमा व मकर संक्रांति जैसे पर्वो पर लाखों श्रद्धालुओ की भीड होती है। श्रद्धालु आश्रम के सन्निकट सरयू नदी में स्नान ध्यान कर श्रृंगी ऋषि,माता शांता व तमाम मंदिरों में पूजन अर्चन करते है।वर्तमान में घाट पर सुरक्षा का कोई प्रबंध नही है,ना कोई जाली लगी है और ना ही कोई दीवार बनी है।मुंडन और तर्पण के दौरान पानी मे उतरना उनकी मजबूरी होती है।गजेंद्र पांडे,सन्तोष यादव,फूल सिंह,रवि सिंह,दिलीप सिंह आदि लोगो ने वन विभाग के अधिकारी एसके सिंह से मिलकर मांग किया कि तत्काल जाली लगवाया जाय।अधिकारी ने जल्द ही सुरक्षा व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।